# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 04 नवंबर 2024





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

2024

दिनांक 04 से 06 नवम्बर



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

उद्घाटन कार्यक्रम

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश





अध्यक्ष
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

**श्री अरूण साव**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद





श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक

एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**जमशेदपुर।** *झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने कर दी है। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य की 66 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान भर कर दिया। इस बार भी जमशेदपुर और कोल्हान क्षेत्र के सियासी समीकरण पर पूरे राज्य के लोगों की नजर रहेगी। कोल्हान क्षेत्र की घाटशिला, पोटका, जमशेदपुर पूर्वी, सरायकेला और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र पर सबकी नजर रहेगी। इन सभी सीटों पर राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इन सीटों पर बीजेपी का ट्रिपल 'बी' यानी 'बेटा, बहू और बीबी' का फॉर्मूला सफल हो गया, इंडिया गठबंधन को सफलता मिलेगी, इस पर पूरे देश के लोगों की नजर रहेगी।*

### 13 व 20 नवंबर को दो चरण में होना है विधानसभा चुनाव

# झारखंड में 4 पूर्व मुख्यमंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

## 43 विधानसभा क्षेत्रों से हैं कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

### रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास

वर्ष 2019 की तरह ही जमशेदपुर पूर्वी सीट पर इस बार भी दिलचस्प मुकाबला होगा। इस सीट से बीजेपी ने ओडिशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास को टिकट दिया है। हालांकि इंडिया गठबंधन की ओर से अभी उम्मीदवार के नाम का औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन ये तय माना जा रहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार यहां से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जमशेदपुर पूर्वी सीट से पांच बार विधायक रहे हैं। वो पिछली बार निर्दलीय विधायक सरयू राय से चुनाव हार गए थे। इस बार उनकी बहू के लिए रास्ता आसान नहीं है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पूर्णिमा दास को टिकट मिलने के साथ ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेता नाराज हो गए हैं।



### चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल

घाटशिला विधानसभा सीट से बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। बाबूलाल सोरेन का घाटशिला में जेएमएम के रामदास सोरेन से मुकाबला होगा। रामदास सोरेन हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री भी है। वो दो बार घाटशिला से चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं।

### अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा

भाजपा ने पोटका विधानसभा से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाया है। लेकिन टिकट मिलने के साथ ही मीरा मुंडा का विरोध शुरू हो गया है। पोटका से तीन बार विधायक रहीं मेनका सरदार ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। इसके अलावा कई अन्य नेताओं ने भी प्रत्याशी बदलने की मांग की है। पोटका से मीरा मुंडा का मुकाबला जेएमएम के संजीव सरदार से होगा। वर्ष 2019 के चुनाव में संजीव सरदार ने बीजेपी की मेनका सरकार को पराजित किया था।

### चंपाई सोरेन को भी मिलेगी टक्कर

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला विधानसभा सीट से सात बार चुनाव जीत चुके हैं। पहली बार चंपाई सोरेन ने जेएमएम से बगावत कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। एक बार फिर चंपाई सोरेन जेएमएम से बगावत कर चुनाव मैदान में होंगे। लेकिन इस बार वो निर्दलीय उम्मीदवार नहीं, बल्कि बीजेपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में होंगे। सरायकेला में चंपाई सोरेन को जेएमएम से टक्कर मिलेगी। फिलहाल जेएमएम की ओर से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया गया है।

### मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा इस बार के विधानसभा चुनाव में बीजेपी टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। मधु कोड़ा एक बार इस सीट से बीजेपी टिकट पर और फिर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत चुके हैं। जबकि उनकी पत्नी गीता कोड़ा भी जगन्नाथपुर सीट से दो बार विजयी रहीं। अब वो बीजेपी उम्मीदवार के रूप में पहली बार चुनाव मैदान में होंगी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जगन्नाथपुर में कांग्रेस के सोनाराम सिंकू से ही गीता कोड़ा का मुकाबला होगा। हालांकि अभी कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दाऊद से नाम जोड़ा तो केस दर्ज कराऊंगा : मलिक



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी नेता नवाब मलिक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे दाऊद से जोड़ने वालों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराऊंगा। नवाब मलिक इस बार मानखुर्द-शिवाजी नगर से चुनाव लड़ रहे हैं। एक इंटरव्यू में नवाब मलिक ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम से जुड़े ईडी केस में खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि मैं निर्दोष हूं और मुझे इस केस में फंसाया गया है।

### केमी बनेंगी कंजर्वेटिव पार्टी की लीडर



ब्रिटेन की सबसे बड़ी पार्टियों में एक कंजर्वेटिव पार्टी में अब ऋषि सुनक की जगह एक अश्वेत महिला केमी बेडेनॉक लेंगी। उन्हें ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी की लीडर के तौर पर चुना गया है। ब्रिटेन में इस पद को हासिल करने वाली वे पहली अश्वेत महिला हैं। 44 साल की बेडेनॉक ने पार्टी लीडर के पद के लिए हुए चुनाव में 57% वोट हासिल किए और रॉबर्ट जेनरिक को हराया।

### कन्नड़ डायरेक्टर ने की आत्महत्या



**बंगलुरू।** कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर गुरुप्रसाद का निधन हो गया है। गुरुप्रसाद का शव उनके बेंगलुरू स्थित अपार्टमेंट में मिला। शुरुआती रिपोर्ट्स की मानें तो इसे खुदकुशी का मामला बताया जा रहा है। डायरेक्टर के पड़ोसियों ने उनके घर से तेज बदबू आने की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची. पुलिस को गुरुप्रसाद का शव सड़ी-गली अवस्था में बरामद हुआ।

## रॉकेट हमले में बच्चों की मौत का था जिम्मेदार

# हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को इजरायल ने कर दिया ढेर

*इजरायली सेना ने रविवार को हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर जाफर खादर फौर का ढेर कर दिया है। इजरायली सेना ने बताया कि जाफर खादर फौर पिछले साल अक्टूबर से इजरायल में हुए कई हमलों के लिए जिम्मेदार था, जिसमें जुलाई 2024 में हुए फुटबॉल मैदान पर 12 बच्चों की मौत का हमला भी शामिल था।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव



जाफर खादर फौर दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह की नासिर ब्रिगेड रॉकेट यूनिट का कमांडर था। इजरायल ने जाफर खादर की मौत की जानकारी दी है। हालांकि हिज्बुल्लाह ने अभी तक फौर के मौत पर टिप्पणी या पुष्टि नहीं की है। हिज्बुल्लाह के नासिर ब्रिगेड रॉकेट यूनिट के कमांडर जाफ़र खादर फौर को दक्षिणी लेबनान के जौईया क्षेत्र में मार गिराया. इजरायली सैन्य बल ने एक्स पर ट्वीट कर कहा, 'फौर गोलान हाइट्स में कई रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था। जिसमें किबुत्ज ओरताल में इजरायली नागरिकों की मौत, मजदल शम्स पर हमला, जिसमें 12 बच्चों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे और पिछले गुरुवार को मेटुला पर हुए रॉकेट हमले में शामिल था, जिसमें 5 नागरिकों की मौत हुई थी। इसके साथ ही फौर पूर्वी लेबनान से किए गए आतंकी हमलों का भी जिम्मेदार था, जहां से 8 अक्टूबर को इजरायल में पहला रॉकेट लॉन्च किया गया था।'

### गोलान हाइट्स में हुआ था सबसे घातक हमला

हिज्बुल्लाह द्वारा किए गए हमलों में गोलान हाइट्स के मजदल शम्स में फुटबाल मैदान पर हमला किया गया था, जिसमें कुल 12 बच्चों की मौत हो गई थी। यह हिज्बुल्लाह द्वारा इजरायल में किए गए हमलों में से सबसे घातक हमला था। बता दें कि इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच अक्टूबर, 2023 में संघर्ष शुरू हुआ था। उसके बाद हमास ने इजरायल पर एक घातक हमला किया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और इसी दौरान 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।

### इजराइल ने लेबनान में घुसकर किया कमांडो ऑपरेशन, सीनियर हिजबुल्लाह ऑपरेटिव पकड़ा

हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरइाल को एक और बड़ी सफलता मिली है। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने सीनियर हिजबुल्लाह ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है।



एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि लेबनान के तटीय शहर बटरून में कमांडो ऑपरेशन के दौरान 'वरिष्ठ हिजबुल्लाह ऑपरेटिव' को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उसे इजराइली क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। इजराइल सेना के गिरफ्तार किए गए हिजबुल्लाह के वरिष्ठ सदस्य के नाम का खुलासा नहीं किया है। इससे पहले शनिवार को लेबनानी अधिकारियों ने कहा था कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या इजराइल ने लेबनानी समुद्री कप्तान को पकड़ लिया है, जिन्हें शुक्रवार को बातरुन के तट पर उतरे हथियारबंद लोगों के एक समूह अपने साथ ले गये थे।

### ईरान ने अमेरिका और इजराइल को दी धमकी

उधर, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल और अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान व उसके सहयोगियों पर किए जाने वाले हमलों का करारा जवाब दिया जाएगा। इससे पहले, मध्य इजराइल के एक शहर में हुए हवाई हमले में 11 लोग घायल हो गए। लेबनान से टीरा में शनिवार तड़के कई मिसाइल दागी गईं, जिसके बाद मध्य इजराइल में हवाई हमले के प्रति सचेत करने वाले सायरन बजने लगे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। इजराइल की वायु रक्षा प्रणालियों ने कई मिसाइल को नष्ट कर दिया, जबकि कुछ मिसाइल देश के आबादी रहित क्षेत्रों में गिरीं।

# 'हम वक्फ संशोधन बिल नहीं लाने देंगे' बीजेपी की सहयोगी टीडीपी बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वक्फ संशोधन बिल को लेकर बीजेपी की सहयोगी टीडीपी ने बड़ा बयान दिया है। दिल्ली में आयोजित भारतीय संविधान सुरक्षा सम्मेलन में टीडीपी के उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को ना का म या ब कराने के लिए आगे बढ़ना है। भारत की बदकिस्मती है कि पिछले 10-12 साल में यहां वो हुआ जो नहीं होना चाहिए था। हमारे चंद्रबाबू नायडू सेकुलर जेहन के इंसान हैं। वो हिन्दू और मुसलमान को एक ही नजर से देखते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि जिस धर्म का जो भी बोर्ड है उसमें उसी धर्म के लोग होने चाहिए। हम ये वक्फ संशोधन बिल नहीं लाने देंगे। 15 दिसंबर को आंध्र प्रदेश में जमीयत के होने वाले जलसे में चंद्रबाबू नायडू भी शामिल होंगे।

### मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसे सब खतरे में पड़ जाएंगे

उधर, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी वक्फ संशोधन बिल को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल बहुत ही खतरनाक है। वक्फ कानून में तब्दीली की कोशिश हो रही है। मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसे सब खतरे में पड़ जाएंगे। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि नमाज, रोजा की तरह वक्फ भी इबादत है।

### रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था वक्फ बिल 2024

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। इसके बाद सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक के लिए जगदंबिका पाल के नेतृत्व में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया। जेपीसी में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्यों को हिस्सा बनाया गया है। वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी को अब तक ईमेल के जरिए 90 लाख से भी अधिक सुझाव मिल चुके हैं। साथ ही करीब 70 या 80 बॉक्स से लिखित सुझाव भी मिले हैं। बिल के मद्देनजर अब तक जेपीसी की कई बैठकें हो चुकीं है लेकिन मामला सुलझता होता नहीं दिख रहा है।

## दिल्ली की सड़क पर ऐसी दादागीरी

### ट्रैफिक पुलिस के जवानों को कार के बोनेट पर लटका कर घुमा डाला



*पुलिस आरोपी कार चालक और उसकी कार की तलाश कर रही*

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बेर सराय के पास एक हिट एंड रन मामले में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना शनिवार शाम को हुई जब एक कार ने लाल बत्ती पार की और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए भागने से पहले दो पुलिसकर्मियों को घसीटते हुए ले गई। करीब 20 मीटर तक घसीटने के बाद कार चालक उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया।

### डब्लूएचओ ने जारी किया आंकड़ा

# भारत में 17.7 फीसदी कम हुए टीबी के मरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में तपेदिक (टीबी) के मरीजों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। यह दावा हुआ है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट से। इस रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट भी किया। इस बीमारी के खिलाफ भारत की प्रगति को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भी अहम संदेश दिया है। नड्डा ने डब्ल्यूएचओ की ओर से टीबी संक्रमण के खिलाफ भारत की लड़ाई पर जारी एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 फीसदी की गिरावट की बात कही है और इस बीमारी से लड़ाई में भारत की जबरदस्त प्रगति को मान्यता दी है।




### चल रहीं विभिन्न सरकारी योजनाएं

नड्डा ने टीबी के खिलाफ सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण संबंधी सहायता मुहैया कराई जा रही है और कई तरह की दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता बढ़ा चुके टीबी के इलाज के लिए भी दवा देने का नया तरीका लाया गया है। उन्होंने टीबी के मामले कम होने पर स्वास्थ्य मंत्रालय और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "सराहनीय प्रगति! टीबी के मामलों में कमी आना भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है।

डॉ. वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

### ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में बोले विदेशमंत्री

# भारत, चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में 'कुछ प्रगति' की : जयशंकर



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में 'कुछ प्रगति' की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को 'स्वागत योग्य' कदम बताया। जयशंकर की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले दो बिंदुओं-डेमचोक और देपसांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शनिवार को शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी। जयशंकर ने ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, 'भारत और चीन के संदर्भ में हमने कुछ प्रगति की है। आप जानते हैं कि हमारे संबंध कुछ कारणों से बहुत ही खराब थे। हमने पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है।' विदेश मंत्री ने कहा, 'वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक तैनात हैं, जो 2020 से पहले वहां नहीं थे और बदले में हमने भी जवाबी तैनाती की। इस अवधि के दौरान संबंधों के अन्य पहलू भी प्रभावित हुए हैं। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें पीछे हटने के बाद देखना होगा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं।'

### पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम

जयशंकर ने कहा, 'लेकिन हमें लगता है कि पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे यह संभावना खुलती है कि अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं।' उन्होंने कहा कि पिछले महीने रूस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद उम्मीद थी कि 'राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और मैं दोनों अपने समकक्षों से मिलेंगे। तो चीजें इस तरह हुई हैं।' विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कई हफ्तों की बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, जिससे 2020 में उठे मुद्दों का समाधान निकलेगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- रायपुर, भिलाई में प्रदूषण का स्तर 500 पहुंचा, दूसरे तीसरे नंबर पर बिलासपुर, कोरबा
- सामान्य दिनों में रायपुर प्रदूषण का स्तर 100 के आसपास, पटाखों ने बिगाड़ी हवा



**पीएम राष्ट्रीय औसत से ज्यादा**

*पीएम का राष्ट्रीय औसत 40 तथा पीएम 10 का राष्ट्रीय औसत 100 होना चाहिए। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर शहरों में पीएम राष्ट्रीय औसत के मापदंड के अनुरूप रहता है। लेकिन यह शुक्रवार को मानकों को फेल करते हुए राष्ट्रीय औसत से 10 गुना ज्यादा रहा। इसके चलते एयर क्वालिटी इंडेक्स लेबल बुरी तरह से प्रभावित हुआ।*

# पटाखों ने बिगाड़ी हमारी फिजा, दिवाली की सुबह पीएम 500 तक पहुंचा, सामान्य से पांच गुना अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस खबर को पढ़ने से पहले थोड़ी जानकारी देते हैं। वायु प्रदूषण को जांचने के लिए गुणवत्ता मॉनीटर हवा के एक क्यूबिक मीटर में कण पदार्थ घनत्व को स्कैन करने के लिए लेजर का उपयोग करते हैं। आमतौर पर पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर। आसान भाषा में कहें तो हवा में तैर रहे कण। इसे दो तरह से मापा जाता है पीएम 2.5, पीएम 10। ग्राउंड-लेवल ओजोन, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड शामिल होते हैं। हवा में प्रदूषकों का घनत्व जितना अधिक होगा, वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई उतना ही अधिक होगा, यह पैमाना शून्य से 500 तक चलता है। 50 या उससे कम ▶▶| शेष पेज 2 पर

**अलग खबर**

### खतरनाक रसायनिक पदार्थ

*दीपावली सहित अन्य अवसर पर फोड़े जाने वाले पटाखों में खतरनाक रसायनों के मिश्रण पर रोक लगाई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों के लिए जो गाइड लाइन जारी की गई है उस गाइड लाइन का पटाखा कारोबारी पालन कर रहे हैं या नहीं इसकी प्रशासन ने कभी जांच नहीं की।*

### छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में सुबह ऐसा रहा इंडेक्स

*एक नवंबर सुबह 6 बजे*

| | |
|---|---|
| ■ रायपुर | |
| पीएम-2.5 | -169-500 |
| पीएम-10 | -159 -500 |
| ■ भिलाई | |
| पीएम-2.5 | -149-439 |
| पीएम-10 | -169-500 |
| ■ बिलासपुर | |
| पीएम-2.5 | -125-359 |
| पीएम-10 | - 110-280 |

### इधर, दिल्ली में एक्यूआई 500 पार

दिल्ली में हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ने का सिलसिला जारी है। यहां एक्यूआई रविवार सुबह करीब 6 बजे 507 तक पहुंच गया। 9 घंटे में दिल्ली की हवा 'बहुत खराब' कैटेगिरी से 'खतरनाक' कैटेगरी में पहुंच गई। दिल्ली में रविवार सुबह पीएम 2.5 का लेवल भी काफी बढ़ गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हावड़ा मेल के डिब्बे में धमाका, चार घायल



**चंडीगढ़।** पंजाब के फतेहगढ़ जिले में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मेल के सामान्य श्रेणी के एक डिब्बे में हुए धमाके में चार लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे की है, जब अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन के एक डिब्बे में पटाखों से भरी एक प्लास्टिक की बाल्टी में धमाका हुआ। इस घटना में एक महिला समेत चार यात्री घायल हो गए। घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

### दिल्ली में पांच-छह को बौद्ध शिखर सम्मेलन



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पांच और छह नवंबर को आयोजित होने वाले बौद्ध शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एशियाभर से बौद्ध धर्म से जुड़े विभिन्न संघ नेता, विद्वान और अनुयायी एकत्रित होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य बौद्ध समुदाय के समक्ष मौजूद समकालीन चुनौतियों पर चर्चा करना और उनका हल निकालना है। सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने की उम्मीद है।

### कच्छ की धरती डोली 3.4 तीव्रता का भूकंप



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार तड़के 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप से जिले में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटके तड़के तीन बजकर 58 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र लखपत से 53 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में था। इससे पहले 27 अक्टूबर को राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली जिले में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। गुजरात में भूकंप का खतरा बहुत अधिक रहता है।

### तीन वाहनों की टक्कर दो की मौत, 13 घायल



**बस्ती।** यूपी के बस्ती जिले में एक बस, कार और ऑटोरिक्शा के आपस में टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 13 अन्य घायल हो गए। यह हादसा शनिवार रात को कलवारी थाना क्षेत्र के लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर हुआ, जब तीनों वाहन एक-दूसरे से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। हादसे में रामचंद्र (78) और नाजिमा खातून (30) की मौत हो गई। बस आंबेडकर नगर के किछौछा दरगाह से गोंडा जा रही थी।

## दुनियाभर की नजरें अमेरिका के चुनाव पर टिकी, हजारों वॉलंटियर्स तैनात

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव कल, ट्रंप और हैरिस ने 7 स्विंग स्टेट्स में लगाया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के अधिकांश राज्य ऐसे हैं, जहां ऐतिहासिक रूप से डेमोक्रेट पार्टी या रिपब्लिकन पार्टी हावी रहती है। सात राज्यों में एरिजोना, नेवाडा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलिना ऐसे हैं, जहां के मतदाताओं का मिजाज किसी एक राजनीतिक दल का समर्थन करते तक सीमित नहीं रहता। इन राज्यों के मतदाता हर चुनाव में अपनी पसंद बदलते रहते हैं यानी उनका मूड स्विंग होता रहता है। इसी कारण इन्हें स्विंग स्टेट्स कहा जाता है।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि पेंसिल्वेनिया (19 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के साथ) और मिशिगन (15 इलेक्टोरल कॉलेज वोट) इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत और हार तय करेंगे। नवीनतम सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मिशिगन और ▶▶| शेष पेज 2 पर



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की धूम मची है। पूरी दुनिया की नजरें इस चुनाव पर हैं। पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए वोट डाले जाएंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद होने से पहले कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों नेता देशवासियों से अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं और व्हाइट हाउस भेजने की भावुक अपील कर रहे हैं।



**मिशिगन और पेंसिल्वेनिया में कांटे का मुकाबला**

**सातों स्विंग स्टेट्स में घर-घर दस्तक अमेरिकियों से वोट करने का आग्रह**

### अमेरिका में दो दलीय प्रणाली

अमेरिका में दो दलीय प्रणाली है। रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेट्स की ओर से उम्मीदवार मैदान में उतारे गए हैं। बाकी सभी उम्मीदवार निर्दलीय हैं। हालांकि, मुख्य मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच है। कमला हैरिस राष्ट्रपति जो बाइडन की पार्टी से हैं। बाइडन ने खुद को चुनाव से अलग कर लिया था, जिसके बाद हैरिस को उम्मीदवार बनाया गया है।

### नवंबर में होता है मतदान

यूनाइटेड स्टेट्स अमेरिका का चुनाव सिस्टम और कैलेंडर भी दूसरे देशों की ही तरह है। यहां राष्ट्रपति का चुनाव चार सालों के लिए होता है। वहां राष्ट्रपति पद के लिए मतदान नवंबर में होता है और नए राष्ट्रपति जनवरी में शपथ ग्रहण करते हैं। हालांकि, दूसरे देशों और अमेरिका में चुनाव प्रक्रिया में एक फर्क है। वह यह कि राष्ट्रपति का चुनाव होने के बावजूद अमेरिका में 11 हफ्तों तक शपथ ग्रहण का इंतजार करना होता है, जबकि दूसरे देशों में चुनाव होने के बाद जल्द से जल्द शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाता है।

### इसलिए मंगलवार को वोटिंग

यह उस वक्त की बात है, जब अमेरिका पूरी तरह से खेती पर निर्भर था। नवंबर के शुरुआती दिन किसानों के लिए अच्छे होते थे। फसलों की कटाई-मड़ाई पूरी हो जाती थी। यात्रा के लिए मौसम भी अच्छा होता था। रविवार को क्रिश्चियन पूजा करते थे। बुधवार को किसानों को अपनी फसलें बेचने के लिए सुरक्षित किया गया था। रविवार और बुधवार के अलावा सोमवार और गुरुवार को भी मतदान के लिए बेहतर नहीं माना गया। इसलिए मंगलवार को इसके लिए सबसे उपयुक्त माना गया।

### जब 20 जनवरी तय हुई शपथ ग्रहण की तारीख

1929 से 1939 के बीच पूरी दुनिया में छाई आर्थिक मंदी के दौर में अमेरिकी नेताओं को लगा कि चुनाव के बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के इंतजार का समय चार महीने से घटाकर तीन महीने के भीतर किया जाए। इसके बाद साल 1933 में संविधान में 20वां संशोधन कर नए राष्ट्रपति की व्हाइट हाउस में प्रवेश की तारीख 20 जनवरी तय कर दी गई।

### भारतीय मूल की आबादी 2 फीसदी से भी कम

भारतीय अमेरिकी अमेरिका की कुल आबादी के 2% से भी कम हैं, लेकिन उनकी औसत वार्षिक घरेलू आय लगभग 1.3 करोड़ रुपये है, जो पूरे देश की औसत वार्षिक आय के दोगुने से भी ज्यादा है। इससे समझा जा सकता है कि भारतीय अमेरिकी समुदाय पैसे के मामले में काफी सक्षम है। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय की कुल आबादी 52 लाख है और यह अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समुदाय है। इससे आगे केवल मैक्सिकन अमेरिकी हैं। अमेरिका के चुनाव में लगभग 26 लाख भारतीय अमेरिकी वोट दे सकते हैं।

# वायरल के बाद गले में इंफेक्शन की शिकायतें एलर्जी ने बढ़ाई दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंडी गर्मी जैसे मौसम की वजह से वायरल और गले में इंफेक्शन जैसी समस्या झेल रहे लोगों की परेशानी दिवाली में जमकर फूटे पटाखों की वजह से दोगुनी हो गई है। अब लोगों को आंख के साथ त्वचा में एलर्जी और सांस संबधी समस्याएं बढ़ने लगी है।

मौसम में हुए बदलाव के कारण बीमार होने की परेशानी पिछली बीस दिनों से लोगों को घेरे हुए हैं। इसकी वजह से निजी और सरकारी अस्पतालों में भीड़ लगी हुई है। मौसमी वायरल के साथ खानपान में होने वाली ऊंच-नीच की वजह से गले में होने वाला इंफेक्शन काफी दिनों तक लोगों को बीमार किए हुए है। सरकारी अस्पतालों में अभी भी मौसमी संक्रमण का शिकार होने वाले मरीजों की संख्या ▶▶| शेष पेज 2 पर

### दिसंबर तक रहेगी परेशानी

चिकित्सकों के अनुसार जब तक मौसम में पूरी तरह बदलाव नहीं हो जाएगा तब इस तरह की समस्या अपना असर दिखाती रहेंगे। दो तरीके के मौसम होने की वजह से सेहत पर विपरीत असर पड़ता है जब मानव शरीर गर्मी के बजाए मौसम की ठंडकता का आदी हो जाएगा इस तरह की समस्याएं कम हो जाएगी।

### मास्क ही बेहतर उपाय

चिकित्सकों के मुताबिक किसी भी तरह का इंफेक्शन नाक, मुंह अथवा आंख के जरिए शरीर में प्रवेश करता है। इस तरह की समस्या से बचाव के लिए मास्क ही सबसे बेहतर उपाय है। ठंड के दिनों में हवा में धूल के कण घुल जाते हैं जो सांस के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर विपरीत असर डालते हैं।

### सांस की बीमारी वालों को ज्यादा जोखिम

बदलते मौसम के साथ धुआं सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक हो सकता है। आने वाले दिनों में इस तरह की शिकायत बढ़ सकती है।

डॉ. आरके पांडा, विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ

### धुएं का रिएक्शन होने की आशंका

काफी लोग आंखों में जलन जैसी शिकायत लेकर आ रहे है। संभवत: त्योहार में पटाखों के धुएं का रिएक्शन होने की आशंका है।

डॉ. विनय वर्मा, आपात चिकित्सा अधिकारी

**भारतीय टीम की शर्मनाक हार...**

# 92 साल में पहली बार घर में 0-3 से हुए क्लीन स्वीप





- *25 रन से मिली हार*
- *146 रन नहीं हुआ चेज*
- *3 दिन में मैच खत्म*
- *11 विकेट से एजाज बने हीरो*
- *244 रन से यंग सीरीज चैंपियन*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हार। पुणे टेस्ट 113 रन से हारे। और, अब मुबई में खेले आखिरी टेस्ट में 25 रन से हार का सामना। घरेलू जमीन पर खेली 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की हालत इतनी बुरी पहले कभी नहीं थी। साल 1932 से टीम इंडिया टेस्ट मैच खेल रही है। टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए उसे 92 साल गुजर चुके हैं। लेकिन, पहली बार ऐसा देखने को मिला है, जब भारतीय टीम का इतना बुरा हाल हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से क्लीन स्वीप कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर दोनों के दामन पर लगे सबसे बड़े कलंक की तरह है।



**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| न्यूजीलैंड | : 235/10, 174/10 |
| भारत | : 263/10, 121/10 |

### तीसरी बार सूपड़ा साफ

*ये पहली बार है जब भारत को तीन या इससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने घर में क्लीन स्वीप होना पड़ा है। वहीं 2000 के बाद ये पहली बार जब भारत को अपने घर में किसी टीम ने क्लीन स्वीप किया है। साल 2000 में साउथ अफ्रीका ने भारत को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया था।*

### कॅरियर का सबसे बुरा दौर

*'इस तरह का प्रदर्शन मेरे कॅरियर का सबसे बुरा दौर होगा और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।श्रृंखला गंवाने की बात पचाना मुश्किल है। श्रृंखला हारना, टेस्ट मैच हारना कभी भी आसान नहीं होता। यह आसानी से पचने वाली बात नहीं है। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला। न्यूजीलैंड ने पूरी श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन किया। हमने कई गलतियां कीं।'*

**रोहित शर्मा, भारतीय कप्तान**

**पाक्सो कोर्ट का फैसला बरकरार**

# गैंगरेप के दोषी की रिहाई नहीं सेंट्रल जेल में काटनी होगी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सामूहिक बलात्कार के आरोपी एक 24 वर्षीय युवक की रिहाई के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में नरम रुख अपनाने से इसी तरह के दोषी किशोरों के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं, जो समाज और कानून-व्यवस्था के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसके साथ ही ▶▶| शेष पेज 2 पर

### आरोपी याचिकाकर्ता की उम्र अब 22 वर्ष

दोषसिद्ध होने पर याचिकाकर्ता को 20 दिसंबर 2019 के वारंट के जरिए जगदलपुर में सुरक्षित स्थान पर रखा गया था। वारंट में प्रावधान है कि याचिकाकर्ता को 21 वर्ष की आयु पूरी होने तक सुरक्षित स्थान पर हिरासत में रखा जाना चाहिए और उसके बाद याचिकाकर्ता को 2015 ▶▶| शेष पेज 2 पर

**साप्ताहिक बाजार में वारदात**

# नक्सलियों ने किया हमला जवानों के लूटे हथियार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में रविवार सुबह नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने बाजार ड्यूटी कर रहे जवानों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद जवानों को ▶▶| शेष पेज 2 पर

### प्रारंभिक उपचार के बाद किया गया रेफर

नक्सली हमले में घायल जिला बल के जवान करटम देवा व सोढ़ी कन्ना को तत्काल साथी जवान जगरगुण्डा अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सड़क मार्ग से इन्हें दंतेवाड़ा जिला अस्पताल रवाना ▶▶| शेष पेज 2 पर

**13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ**

# शास्त्री बोले- महाकुंभ में गैर हिंदुओं को प्रवेश न मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कबीरधाम



- गैर हिंदू पूरी तरह से सनातन विरोधी

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि महाकुंभ में गैर हिंदुओं को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए। शास्त्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि जो लोग सनातन परंपरा को नहीं जानते, इसकी विचारधारा को नहीं समझते, संतों की महिमा को नहीं जानते, वे संतों का क्या सम्मान करेंगे? शास्त्री ने कहा कि बीते दिनों में कई जगह शोभायात्राओं पर पथराव किया गया, राम को काल्पनिक बताया गया, देवी पंडालों में आग लगाई गई और इससे यह सिद्ध होता है कि यह लोग सनातन विरोधी हैं।

**संक्रमित मरीज खुद पहुंचा था अस्पताल, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश**

# 'हमर लैब' का कमाल, एचआईवी पॉजिटिव को बताया निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

**खास खबर**

जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब ने एक जांच रिपोर्ट संक्रमित मरीज को दी है, जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। चूंकि मामला संवेदनशील और गंभीर है, लिहाजा कलेक्टर ने इसके जांच के आदेश दिए है। प्राप्त जानकारी अनुसार एचआईवी संक्रमित मरीज जिला अस्पताल में स्वयं के इलाज के लिए पहुंचा था, जिसका ओपीडी में ब्लड सेंपल लिया गया तथा जांच के लिए हमर लैब में भेज दिया गया। जांच के बाद उक्त लैब ने इसे निगेटिव रिपोर्ट दी। इसके बाद ▶▶| शेष पेज 2 पर



### संक्रमित मरीजों की ली जा रही लेटेस्ट अपडेट

जिले में कितने मरीज एचआईवी पॉजिटिव है इसकी भी जानकारी विभाग ने लेना शुरू कर दिया है। वर्तमान में इसकी संख्या कितनी है, आंकड़ा अस्पष्ट है। डीपीएम रथेन्द्र मंडल की माने तो जिले में एचआईवी पॉजिटिव संक्रमित मरीजों की लेटेस्ट अपडेट ली जा रही है, जो अगले सोमवार तक स्पष्ट हो जाएगा।

### एसडीएम ने सीएस को दिए थे पत्र

एसडीएम ने दंतेवाड़ा के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को 8 अक्टूबर को पत्र देकर निर्देश दिया था कि जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में हमर लैब में एचआईवी एवं वीडीआरएल की जांच सही रूप से नहीं किया जा रहा है। पहले आईसीटीसी में जांच सही रूप से किया जाता था, परंतु हमर लैब में एचआईवी एवं वीडीआरएल पॉजिटिव है, उनका भी टेस्ट कर के निगेटिव रिपोर्ट दिया जा रहा है व पेशेंट 5 साल से एआरटी लीक से दवा ले रहा है। उसके बाद भी हमर लैब जिला चिकित्सालय से गलत रिपोर्ट दिए जाने का लेख है, जो मरीजों के लिए हानिकारक है।

### आवश्यक बिंदुओं पर ली जा रही जानकारी

इस संबंध में जानकारी देते हुए डीपीएम रथेन्द्र मंडल ने कहा कि यह जानकारी संज्ञान में आई है। संक्रमित मरीज से संबंधित सभी आवश्यक बिन्दुओं पर जानकारी ली जा रही है। सोमवार तक जांच के सभी बिन्दुओं पर रिपोर्ट आ जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि संक्रमित मरीज कब से एचआईवी पाजिटिव हुआ, वह कब-कब और कहां-कहां रहता था। पुरानी रिपोर्ट क्या थी, दवाई कहां से लिया जा रहा था ऐसे अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है। इसके बाद ही तय होगा की हमर लैब से दी गई रिपोर्ट सही है या गलत।

चिंतन

# घाटी में बढ़ रहे आतंकी हमले चिंता का विषय

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। जब तक राज्यपाल शासन था, तो वहां के राजनीतिक दल आरोप लगाते थे कि इस केंद्र शासित प्रदेश में चुनी हुई सरकार नहीं है। अब जब राज्य में एक चुनी हुई बहुमत की सरकार है, इसके बाद भी घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। सीएम उमर अब्दुल्ला के शपथ लेने के बाद बड़ी आतंकवादी घटना हुई जिसमें बाहरी कामगार को निशाना बनाया गया। अब आतंकियों ने भरे बाजार में ग्रेनेड हमला कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इस हमले एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस बीच सीएम उमर अब्दुल्ला ने अपने पिछले विवादास्पद बयान से हटकर इस बार कहा है कि सुरक्षा तंत्र को आतंकवादी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह काम सुरक्षा बल पहले से कर ही रहे हैं। बड़ी बात है कि कश्मीर के राजनीतिक दलों व नेताओं को कोई ऐसा बयान नहीं देना चाहिए, जिसमें दहशतगर्दों को हवा मिलती हो। एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती व सीएम उमर अब्दुल्ला से अधिक इस बात को कौन जानते होंगे। कश्मीर में आतंकवाद शूल की तरह बड़ी समस्या है, चार दशक से वहां आतंकवाद चल रहा है। डा. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व के समय में यूपीए सरकार के दौरान आतंकवाद को लेकर सरकार का ढुलमुल रवैया रहा, पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार के आने के बाद से आतंकवाद के खिलाफ सामरिक, कूटनीतिक व नीतिगत स्तर पर कठोर रुख अपनाया गया, इससे आतंकवाद पर लगाम लगी, इसका दायरा सिमट कर जम्मू-कश्मीर तक सीमित रहा, पर इसका सफाया नहीं हो सका है। हाल के दो वर्षों में आतंकवादी हमले में वृद्धि हुई है, आतंकवादी जरूर मारे जा रहे हैं, लेकिन हमारे जवान भी शहीद हो रहे हैं। इस वर्ष जून से सितंबर तक जम्मू में 12 आतंकी हमले हुए, इनमें 14 जवानों की शहादत हुई, जबकि 4 आतंकी मारे गए हैं। इस वर्ष दस से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं। 2008 के बाद यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी हमले बढ़े हैं। ऑपरेशन क्लीन को शुरू में अच्छी कामयाबी मिली, पर अभी रफ्तार सुस्त लग रही है। आतंकवादी घटनाएं कश्मीर से अधिक जम्मू संभ्राग में होने लगी हैं। स्थानीय और बाहरी बेकसूर लोग निशाना बनाए जा रहे हैं। सबको पता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कौन खाद-पानी दे रहा है। घाटी सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद पाक फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई एलओसी क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रही हैं, आतंकवाद अब ऐसी छद्म जंग बन गया है जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लश्कर-ए-तैयबा अपनी शाखा 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के जरिये घाटी में दहशतगर्दी को अंजाम दे रहा है। दूसरे कई और नए आतंकी गुट भी सक्रिय हैं। भारत को कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी ही होगी। आतंकवादियों की बदली रणनीति पर निर्णायक फैसला लेने का समय आ गया है। हमला कर आतंकियों के भाग जाने की रणनीति को विफल करना होगा। जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए ऑपरेशन क्लीन जैसे अभियान को व्यापक बनाने की जरूरत है, तकनीक का सहारा लेने और पाक के एस्टब्लिशमेंट व पाक क्षेत्र में मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर लगातार सबक सिखाते रहने की आवश्यकता है। भारत की अपनी रणनीति में आतंक के आकाओं के खात्मे की योजना शामिल करनी होगी।

राज्योत्सव
मनोज कुमार सिंह

# विकास के रास्ते पर तेजी से अग्रसर स्वस्थ एवं युवा छत्तीसगढ़

ये तो हर कोई जानता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसके साथ ही ये भी कि इंसान का सबसे बड़ा धन उसका स्वास्थ्य है। आज का युवा छत्तीसगढ़ इस बात को भली भांति समझता है तभी तो 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा छत्तीसगढ़ अपने स्वास्थ्य को लेकर ना सिर्फ सतर्क है बल्कि नई तकनीक को लेकर सजग भी है। स्वास्थ्य को लेकर छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में स्वास्थ्य का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और इसकी शुरूआत भी कर दी गयी है। वर्ष 2023-24 में राज्य का स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ रूपए का था जिसमें 38.5 फीसदी का इजाफा करते हुए वर्ष 2024-25 में 7563 करोड़ रूपए कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ जब नवजात था तब वो बीमारियों से घिरा हुआ था। राज्य में मातृ मृत्यु की दर काफी ज्यादा थी। संस्थागत प्रसव न के बराबर था। बस्तर में जितनी मौतें नक्सली मुठभेड़ में नहीं होती थी उससे कहीं ज्यादा मौतें मलेरिया से हो जाती थीं। एंबुलेंस सेवा नहीं होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। हालांकि आज के युवा छत्तीसगढ़ के लिए ये बातें अब पुरानी हो चुकी हैं। वर्ष 2003 मे जहां मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख में 269 थी जो आज घटकर 137 हो गयी है।

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-3 (2005-06) के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव सिर्फ 15.3 फीसदी था। आज यह लगभग 70 फीसदी का इजाफे के साथ नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के आंकड़ो के अनुसार 85.7 फीसदी तक पहुंच चुका है। बस्तर में मलेरिया पर अंकुश लग चुका है। वर्ष 2018 की तुलना में आज बस्तर में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आ गयी है। 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा राज्य के लोगों के लिए वाकई संजीवनी साबित हो रही है। पिछले एक साल में ही डायल 108 पर 9 लाख 73 हजार 681 आपातकालीन फोन काल्स आए और इनमें से 3 लाख 4 हजार 847 मरीज लाभांवित हुए।

छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है जिसे आने वाले समय में 10 लाख रूपए तक किए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 12 सितंबर 2024 तक लगभग 1200 लोगों को 43 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

स्वस्थ छत्तीसगढ़ के लिए यह जरूरी है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था कुशल चिकित्सकों के हाथों में रहे। लेकिन आज से 24 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में सिर्फ एक शासकीय मेडिकल कालेज था जिसमें मात्र 100 एमबीबीएस की सीटें थीं। बीते 24 वर्षों में राज्य में शासकीय मेडिकल कालेजों की संख्या 1 से बढ़कर 10 हो गयी है और एमबीबीएस की सीटें भी बढ़कर 1460 हो गयी हैं। शासकीय मेडिकल कालेजों में 291 स्नातकोत्तर की सीटें भी बढ़ी हैं जिससे राज्य को विशेषज्ञ चिकित्सक मिल रहे हैं। आज का युवा छत्तीसगढ़ सिर्फ अस्पताल की ही बात नहीं कर रहा है बल्कि वो सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बात कर रहा है। राज्य के पहले डिजिटल बजट में सभी संभाग में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोलने का निर्णय लिया गया है और इसकी शुरूआत भी बिलासपुर से हो चुकी है जिसका लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धनवंतरी दिवस के अवसर पर किया। जल्द ही हम छत्तीसगढ़ में आर्गन ट्रांसप्लांट होते हुए भी देखेंगे।

वो छत्तीसगढ़ जो 1 नवंबर 2000 को जन्म लेते समय बीमारू राज्य का दर्जा रखता था वो आज बीते जमाने की बात हो गयी है। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ये बात भली भांति समझती है कि भारत की तर्ज पर छत्तीसगढ़ को भी वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाना है तो स्वास्थ्य ही वो पहली कड़ी है जो राज्य को सक्षम और समृद्ध बनाएगा। खुशी की बात ये है कि राज्य की वर्तमान सरकार इस पर लगातार प्रयास कर रही है और इसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

*-लेखक सहायक संचालक, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग हैं।*

# वायु प्रदूषण से लड़ाई में नाकामी



स्वास्थ्य
राज कुमार सिंह

सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं।

दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को मौसम का आभारी होना चाहिए कि पहले चक्रवात 'दाना' और फिर तेज हवा की बदौलत उनकी दिवाली इस बार पहले जितनी दमघोंटू साबित नहीं हुई, वरना सरकारी तंत्र की नाकामी और समाज की गैर जिम्मेदारी ने तो कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। दिवाली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। लक्ष्मी-गणेश की पूजा से समृद्धि-सद्बुद्धि की आकांक्षाओं का त्योहार है, पर कुछ लोगों को लगता है कि जानलेवा प्रदूषण फैलाने वाली पटाखेबाजी के बिना यह नहीं मनाया जा सकता। सो, सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल दिवाली के अगले दिन यह 358 था, जबकि 2022 में 302 व 2021 और 2020 में एक्यूआई क्रमशः 462 और 435 था। वैसे एक नवंबर की सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 362 था, जिसे तेज हवाओं ने कम कर दिया और औसत एक्यूआई 339 बताया गया। दिल्ली के 39 में से 37 निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को 'बहुत खराब' बताया।

वैसे हवा थमते ही हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शनिवार को एक्यूआई 400 पार कर गया तो रविवार को 500 के भी पार चला गया। इस साल अपेक्षाकृत बेहतर रहा एक्यूआई भी सेहत के लिए कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि शून्य से 50 एक्यूआई तक की हवा ही 'स्वच्छ' होती है। उसके बाद 51-100 तक 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 एक्यूआई वाली हवा 'गंभीर' श्रेणी में आती है। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं, पर सत्ताधीशों से कुछ तात्कालिक राहत वाली पाबंदियों और आश्वासनों के सिवाय उन्हें कुछ नहीं मिलता। दिल्लीवासियों को गिने-चुने दिन ही स्वच्छ हवा नसीब होती है, वरना तो वे अस्वास्थकर हवा में ही सांस लेने को अभिशप्त हैं। यही विडंबना एनसीआर के ज्यादातर शहरों में की है। इस साल भी दिवाली के अगले दिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गयी। देश का सबसे स्वच्छ शहर बताये जाने वाले इंदौर में तो एक्यूआई 400 पार यानि 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। ये आंकड़े जन स्वास्थ्य के प्रति सरकारी तंत्र की सजगता पर तो सवालिया निशान लगाते ही हैं, समाज को भी कठघरे में खड़ा करते हैं, जो आत्मघाती आचरण से बाज नहीं आता। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेताते रहे हैं कि दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा श्वांस संबंधी रोग बढ़ा रही



है। फेफड़ों में इन्फेक्शन बढ़ रहा है, जिससे कैंसर भी हो सकता है। वायु प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक ही भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। इसके बावजूद दमघोंटू हवा का दोष पराली और पटाखों के सिर मढ़ कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है तो यह संवेदनहीनता और निष्क्रियता की पराकाष्ठा ही है। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इस खतरनाक वायु प्रदूषण के लिए सरकारी तंत्र की नाकामी को जिम्मेदार माना है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में नाकामी पर पंजाब सरकार पर सख्त टिप्पणी की कि उसे खुद को 'असमर्थ' घोषित कर देना चाहिए। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग भी अपनी जिम्मेदारी के निर्वाह में अभी तक तो नाकाम ही नजर आता है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही श्वांस और आंखों संबंधी रोगों के मरीज बढ़ने लगते हैं। डॉक्टर सुबह की सैर बंद करने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह देते हैं। जो आम आदमी दो वक्त की रोटी और परिवार चलाने के लिए ही सुबह से देर रात तक चकरघिन्नी बना रहता है, सुबह की सैर शायद उसकी प्राथमिकता में नहीं है, पर अपने काम-धंधे के लिए तो उसे बाहर निकलना ही पड़ता है। सरकार और डॉक्टर की सलाह मान कर अगर आम आदमी घर में बैठ जाएगा तो उसका परिवार कैसे पलेगा?

सरकारी तंत्र की निष्क्रियता की मार आम आदमी साल-दर-साल झेल रहा है और भविष्य में भी राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दल की सरकारें होने के चलते यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मुद्दा भी बन जाता है, पर कुछ बेहतर करने की कोशिश किसी ओर से नजर नहीं आती। हाल में 23 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की कि शुद्ध हवा न मिलना प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के लोगों के मौलिक अधिकार का हनन है, पर प्रश्न अनुत्तरित है कि इस अधिकार का लगातार हनन करने के जिम्मेदार लोगों को सही मायने में दंडित कौन करेगा? बेशक पराली जलाने से रोकने के लिए सरकारों को किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुछ व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। वैसा करने के दावे तो बहुत किए जाते हैं, पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों का योगदान अवधि और मात्रा की दृष्टि से सीमित है। इसलिए अन्य स्थायी कारणों का निदान ज्यादा जरूरी है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च पेपर के मुताबिक वायु प्रदूषण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की है। भवन निर्माण आदि से उड़ने वाली धूल 21.5 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है।

फिर भी मेट्रो के धीमे विस्तार के अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र न होने पर निजी यात्री वाहनों के चालान तो बढ़े हैं, पर प्रदूषण फैलाते कॉमर्शियल वाहनों की ऑन द स्पॉट जांच कर चालान की पहल कहीं नजर नहीं आती। नवंबर, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी कि दिल्ली नरक से भी बदतर हो गयी है, पर लगता नहीं कि उसके बाद भी कुछ बदला है। भविष्य में भी सुधार का दावा कोई नहीं कर सकता, क्योंकि जो वैसा करने में सक्षम हैं, उनके एजेंडा पर तो यह समस्या नजर ही नहीं आती। यह शुतुरमुर्गी रवैया नागरिकों की सेहत के साथ ही दुनिया में देश की साख भी संकट में डाल रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

अंतर्मन




आज की पाती

### आयुष्मान योजना पर राजनीति न हो

इस बार की दीपावली देश के हर वर्ग के 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए लगभग पांच लाख का मुफ्त इलाज आयुष्मान योजना के रूप में खुशी की रोशनी लेकर आई है। खास तौर पर गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना वरदान साबित हो सकती है, लेकिन दुख की बात है कि कुछ राजनेता इस योजना पर भी राजनीति कर रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए कि हर राज्य, चाहे वहां किसी भी राजनीतिक दल की सरकार क्यों न हो, को आमजन को इस योजना से मिलने वाले लाभ को मिलजुल कर पहुंचाना चाहिए। अगर किसी राज्य सरकार को इसमें कोई कमी नजर आती है, तो उसे अपने तरीकों से दूर भी करना चाहिए। अगर कोई राजनेता इस योजना पर राजनीति करता है तो वह यह न समझे कि इससे अपनी वोट बैंक की राजनीति में वह कामयाब हो जाएगा। *- संस्कार पटेल, धमतरी*

ट्रेंड

### हमलों पर जल्द लगे रोक



श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष खरीदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। सुरक्षा तंत्र को हमलों की इस तेजी को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के जीवन जी सकें।
-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### पहला वोट काम के नाम पर



ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो दिल्ली के सरकारी स्कूलों से निकलकर अपने उज्जवल भविष्य की तरफ़ बढ़ रहे हैं। वे सभी दिल्ली की शिक्षा क्रांति के सबसे बड़े गवाह हैं। ऐसे सभी युवा वोटरों से मेरी अपील है कि अपना पहला वोट काम के नाम पर दें, हमें और काम करने की शक्ति दें।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### आत्ममंथन की जरूरत



घरेलू मैदान पर 3-0 से हारना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए आत्ममंथन की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या यह मैच अभ्यास की कमी थी?
-सचिन तेंदुलकर, पूर्व क्रिकेटर

### आपका अपना आत्ममूल्य



आपका आत्ममूल्य आपका अपना है। जिस क्षण आप यह देखेंगे कि दूसरों की आंखों में आपका मूल्य झलक रहा है। आप हमेशा संदेह में रहेंगे क्योंकि अन्य लोग केवल आपके प्रति स्वयं के मूल्य की कमी को प्रतिबिंबित कर रहे हैं.
-शेखर कपूर, फिल्मकार

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## रूस के साथ खड़ा हुआ उत्तर कोरिया, अमेरिका की चेतावनी



उत्तर कोरिया ने कहा कि वह रूस के साथ उस वक्त तक खड़ा रहेगा, जब तक कि उसे यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल नहीं हो जाती। मॉस्को पहुंचे प्योंगयांग के विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में हजारों उत्तर कोरियाई सैनिक यूक्रेन के साथ जंग में भेजे जा सकते हैं। उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई की मॉस्को यात्रा और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ उनकी मुलाकात पेंटागन के इस बयान के बाद हुई है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए करीब 10,000 सैनिक रूस में तैनात किए हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि कुछ उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने प्योंगयांग से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आग्रह किया है। चोए सोन हुई ने मॉस्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के बाद कहा, 'हम हमेशा अपने रूसी साथियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे जब तक कि वह जीत नहीं जाते।' उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति को व्लादिमीर पुतिन के 'नेतृत्व' पर कोई संदेह नहीं है, जिन्होंने इस गर्मी में प्योंगयांग के साथ एक पारस्परिक सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए।

ऑफ बीट

## एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई



एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।

रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024 | कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 23, अंक : 108 | पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
- 6 नवम्बर को समापन शामिल होंगे उप राष्ट्रपति धनखड़

### आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत

राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व रिखी क्षत्रीय की ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 5 को राज्यपाल होंगे शामिल, 6 को उप राष्ट्रपति

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य ▶▶| शेष पेज 2 पर

# आज से राज्योत्सव

## नया रायपुर में 6 तक होंगे भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल पूरे होने के अवसर पर नवा रायपुर में 4 से 6 नवंबर तक राज्योत्सव मनाया जाएगा। सोमवार 4 तारीख को उद्घाटन समारोह में एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर ▶▶| शेष पेज 2 पर



### तीन दिनों के समारोह में जुटेंगे मंत्री, विधायक

राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ▶▶| शेष पेज 2 पर



### मीनाबाजार, प्रदर्शनी, फूडस्टॉल

राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।

### 5 को लोकधुन, 6 को कई कार्यक्रम

इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से श्री पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाइट रागा, ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### शर्मा कश्मीर भाजपा अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रैना



**नई दिल्ली।** भाजपा ने वरिष्ठ नेता सत शर्मा को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। वह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना की जगह लेंगे। लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहे रैना को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह घोषणा की गई।

### योगी को धमकी देने वाली युवती गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती की पहचान फातिमा खान (24) के रूप में की गई है, वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती है। अधिकारी ने बताया कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है।

### फर्नीचर के गोदाम में आग लगने से दो की मौत



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर के एक गोदाम में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान श्रमिक अतुल राय (45) और रिक्शा चालक नंद किशोर (65) के रूप में हुई है। दोनों लोग गोदाम की छत पर एक कमरे में सो रहे थे। चार बजकर 25 मिनट पर फर्नीचर गोदाम में आग लगने की सूचना मिली।

### पुलिसकर्मियों को टक्कर मार 20 मीटर तक घसीटा



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में सामने आए 'हिट एंड रन' के एक मामले में कार सवार ने ड्यूटी पर तैनात दिल्ली यातायात पुलिस के दो कर्मियों को टक्कर मारने के बाद करीब 20 मीटर तक घसीटा। यह घटना शनिवार शाम करीब पौने आठ बजे वेदांत देशिका मार्ग के पास बेर सराय 'ट्रैफिक लाइट' पर हुई। एएसआई प्रमोद और हेड कांस्टेबल शैलेश को आई चोटें मामूली हैं।

### कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गया। मृतकों की पहचान मयूर टेलर (29) और राजेश कलाल (30) के रूप में हुई है। हादसा शनिवार देर रात उदयपुर-बांसवाड़ा राज्य राजमार्ग पर चिड़िया वासा गांव के पास हुआ। उनके मुताबिक, तीन दोस्त बांसवाड़ा से साबला स्थित अपने घर जा रहे थे।

## अदाणी ग्रुप की अंतिम चेतावनी, 4 दिन में नहीं दिए बकाया तो बंद हो जाएगी बिजली सप्लाई

# बांग्लादेश पर अंधेरे का साया, 7118 करोड़ नहीं चुकाए तो बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी पावर बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति करता है। ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर झारखंड लिमिटेड ने 846 मिलियन डॉलर (करीब 7,118 करोड़ रुपए) बकाए का भुगतान नहीं होने पर यह कदम उठाया है।। इस रकम को मांगने के लिए अडानी पावर ने कई बार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत की लेकिन कोई हल नहीं निकला। ऐसे में अदाणी ने बिजली सप्लाई काटने की बात कही है।

बांग्लादेश के पावर ग्रिड के डेटा के मुताबिक एपीजेएल ने गुरुवार रात से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई में यह कटौती की है। इस कटौती से बांग्लादेश को एक रात में 1,600 मेगावाट से ज्यादा की पावर शॉर्टेज का सामना करना पड़ा। 1,496 मेगावाट का बांग्लादेशी प्लांट अब 700 मेगावाट पर काम कर रहा है। बांग्लादेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने बताया कि हमने पुराने बिल चुका दिए हैं, लेकिन जुलाई से अदाणी के चार्जेज हर हफ्ते 22 मिलियन डॉलर से ज्यादा हो गए। जबकि पीडीबी लगभग 18 मिलियन डॉलर का भुगतान कर रहा है, जिसके चलते बकाया राशि बढ़ती जा रही है।

*बांग्लादेश में बिजली का संकट गहरा सकता है। अदाणी ग्रुप ने एक बार फिर चार दिन का अल्टीमेटम दिया है। अदाणी ग्रुप ने बांग्लादेश से कहा है कि वह 7 नवंबर तक बकाया पेमेंट करे। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो अदाणी पावर बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई बंद कर देगा। ऐसा होने पर बांग्लादेश में बिजली का संकट पैदा हो सकता है। फिलहाल अदाणी पावर ने बांग्लादेश की आधी सप्लाई रोक दी है।*

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पेमेंट करने में विफल हो रही**

**अदाणी पावर पहले ही रोक चुका है बांग्लादेश की आधी सप्लाई**

### आधी कर दी बिजली की सप्लाई

एलसी न मिलने पर अदाणी पावर झारखंड लिमिटेड ने बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति आधी कर दी। ऐसे में पहले से संकट के दौर से गुजर रहे बांग्लादेश में अब बिजली का भी संकट पैदा हो गया है। अदाणी पावर झारखंड बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा बिजली आपूर्तिकर्ता है। इसके बाद पायरा (1,244 मेगावाट), रामपाल (1,234 मेगावाट) और एसएस पावर-1 (1,224 मेगावाट) प्लांट हैं।

### अदाणी पर भी पड़ेगा असर

बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई गोड्डा प्लांट से दी जाती है। इस प्लांट से बांग्लादेश एकमात्र बिजली खरीदार है। बांग्लादेश को आधी सप्लाई रोकने से अदाणी पावर झारखंड को 800 मेगावाट की दो यूनिट में से एक को बंद करना पड़ा है। ऐसे में इसका असर अदाणी ग्रुप पर भी दिखाई देगा।



### घरेलू बाजार में संभावनाओं की तलाश

बांग्लादेश में सरकार के हाल ही में हुए बदलाव के बाद अदाणी ने अब घरेलू बाजार में बिजली की आपूर्ति की संभावनाएं की तलाश शुरू कर दी है। ऐसे में उन्हें एक स्थानीय ग्रिड से जुड़ने के लिए कहा गया है जो बिहार के लखीसराय में एक सब-स्टेशन के माध्यम से हो सकता है। माना जा रहा है कि इससे अदाणी पावर को बांग्लादेश में अपने बिजनेस का विस्तार करने का एक नया मौका मिल सकता है।

### पहले तय की थी 31 अक्टूबर की तारीख

रिपोर्ट के मुताबिक अदाणी ने बकाया राशि का पेमेंट करने और पेमेंट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) को 170 मिलियन डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपए) का लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) देने को कहा था। इसे देने के लिए 31 अक्टूबर तक की समयसीमा तय की थी। सूत्रों के मुताबिक बीपीडीबी ने कृषि बैंक के माध्यम से बकाया राशि के लिए एलसी जारी करने की मांग की। लेकिन यह कदम बिजली खरीद समझौते की शर्तों के अनुरूप नहीं था।

## कश्मीर में फिर आतंकी वारदात

# सीआरपीएफ बंकर पर ग्रेनेड हमला, 11 घायल



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के श्रीनगर शहर में रविवार को आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले एक बाजार के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका, जिससे 11 लोग घायल हो गए। यह हमला पर्यटक स्वागत केंद्र के निकट स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र परिसर के पास हुआ, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। सुरक्षा बलों द्वारा श्रीनगर के खानयार इलाके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर को मार गिराये जाने के एक दिन बाद यह हमला हुआ। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने टीआरसी के पास सीआरपीएफ के बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा, हालांकि, ग्रेनेड लक्षित निशाने को चूक गया और सड़क किनारे गिरा, जिससे 11 लोग घायल हो गए।

### ये हुए घायल

मिस्बा (17 वर्ष), टैंट्री निवासी नौगाम, अजान कालू (17 वर्ष), निवासी नूरबाग, हबीबुल्लाह राथर (50 वर्ष), निवासी कलूसा बांदीपोरा, अल्ताफ अहमद सीर (21 वर्ष) निवासी अमशीपोरा शोपियां, फैजल अहमद (16 वर्ष), निवासी खानियार, उर फारूक, निवासी पट्टन, फैजान मुश्ताक (20 वर्ष), निवासी पंपोर, जाहिद (19 वर्ष), निवासी चेकपोरा कलां नौगाम, गुलाम मुहम्मद सोफी (55 वर्ष), निवासी चट्टाबल, सुमैया जान (45 वर्ष), निवासी नैदखाई सुम्बल शामिल है।

### सीएम उमर बोले-परेशान करने वाली खबर

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों से (कश्मीर) घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें चर्चा में हैं। श्रीनगर में रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द, हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बेखौफ होकर अपना जीवन जी सकें।

## तेहरान में मचा तहलका

# विज्ञान की छात्रा ने हिजाब के विरोध में उतार दिए कपड़े



एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान में हिजाब विरोध की आग एक बार फिर से तेज हो गई है। तेहरान में विज्ञान और अनुसंधान विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने हिजाब नियमों पर उत्पीड़न के विरोध में अपने कपड़े उतार दिए। इसके बाद वह भरी भीड़ में अर्धनग्न होकर टहलने लगी। इसके बाद आरोप है कि ईरानी शासन द्वारा उसे हिंसक रूप से पीटा गया, गिरफ्तार किया गया और कथित तौर पर एक मनोरोग वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। मगर ईरानी छात्रा के इस साहसपूर्ण प्रदर्शन ने तेहरान समेत पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। एक ईरानी लेखिका मरियम नमाजी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर इस छात्रा का फोटो और वीडियो शेयर किया है। मरियम नमाजी लिखती हैं कि ईरान के इस्लामी शासन की स्त्रीद्वेष के खिलाफ उसका साहसी अर्धनग्न विरोध दुनिया भर में गूंज उठा है।

### ईरान में हिजाब को लेकर कड़े प्रतिबंध

गौरतलब है कि ईरान में महिलाओं के हिजाब पहनने के कड़े नियम हैं। अक्सर ईरान से हिजाब के विरोध की खबरें सामने आती रहती हैं। कुछ साल पहले ईरान में हिजाब न पहनने के विरोध में ही महसा अमीनी नामक युवती की सुरक्षाकर्मियों की पिटाई से मौत हो गई थी। इसके बाद पूरे ईरान में सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिनमें सैंकड़ों लोग मारे गए थे और महसा अमीनी हिजाब के विरोध का स्वर बनकर उभरी थी। उस समय भी कई महिलाओं ने हिजाब उतारकर अपना विरोध दर्ज कराया था।

### विवि का दावा- महिला मानसिक रूप से बीमार

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना ईरान की इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि महिला आधे कपड़े पहनकर विश्वविद्यालय कैंपस में बैठी हुई है। एक सुरक्षाकर्मी ने उसे रोकने की कोशिश कर रहा है। दावा किया जा रहा है कि महिला को हिजाब ने पहनने के चलते प्रताड़ित किया गया था, जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। हालांकि घटना के बाद विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि महिला गहरे मानसिक तनाव में है और उसे मानसिक समस्या भी है। हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि महिला ने जानबूझकर ऐसा किया है।

## शीतकाल के लिए बंद

# वैदिक रीति-रिवाजों के साथ बंद हुए केदारनाथ के कपाट



एजेंसी ▶▶| देहरादून

केदारनाथ के कपाट रविवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस मौके पर 18,000 से अधिक श्रद्धालु वहां मौजूद थे। मंदिर के कपाट बंद होने से पहले वैदिक विधि-विधान व धार्मिक परंपराएं की गईं।

### हर साल लाखों तीर्थयात्री

हर साल लाखों तीर्थयात्री यहां पहुंचते हैं। सर्दियों में इसके बर्फ से ढक जाने के कारण मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। गौड़ ने बताया कि भगवान शिव की मूर्ति को मंदिर के द्वार बंद होने से पहले पालकी में ओंकारेश्वर मंदिर में लाया गया, जहां सर्दियों के दौरान उनकी पूजा की जाएगी।

## विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का 'संकल्प पत्र'

# झारखंड में समान नागरिक संहिता पर जनजातीय रखे जाएंगे बाहर

एजेंसी ▶▶| रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की है कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र- 'संकल्प पत्र'- जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा।




### पांच लाख नौकरी का वादा

शाह ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो झारखंड में 2.87 लाख सरकारी नौकरियों सहित रोजगार के पांच लाख अवसर पैदा किए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने और अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने के लिए कानून लाएगी। उन्होंने दावा किया कि अवैध प्रवासियों से 'माटी, बेटी, रोटी' को खतरा है और भाजपा स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करेगी।

### इधर, सोरेन बोले- न यूसीसी, न एनआरसी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में न तो यूसीसी और न ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू की जाएगी। सोरेन ने जोर देकर कहा कि झारखंड आदिवासी संस्कृति, भूमि और अधिकारों की रक्षा के लिए केवल छोटानागपुर काश्तकारी और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियमों का पालन करेगा। गढ़वा में एक रैली में सोरेन ने कहा, यहां न तो समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी और न ही एनआरसी।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एजेंटों को पकड़ा

# रायगढ़-सारंगढ़ में धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

मिट्ठूमुड़ा में स्थित एक घर में रविवार को धर्म विशेष का प्रचार करने वाली तीन महिला व एक पुरूष को जूट मिल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर सारंगढ़ जिले में भी कनकबीरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेगीनडीह में धर्मांतरण कराने पहुंचे, दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। बीते एक माह में जिले में धर्मांतरण की यह तीसरी व सारंगढ़ में पहली घटना है।

पुलिस के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 12 बजे मिट्ठूमुड़ा स्थित सुरेन्द्र चौहान नामक युवक के घर के भीतर से धर्म विशेष के प्रचारकों की तेज आवाज आ रही थी। वे माइक व साउंड बॉक्स के जरिए ▶▶| शेष पेज 2 पर

### आधा दर्जन से अधिक को पुलिस लाई थाने, शुरू हुई जांच





**काफी दिनों से चल रहा थी सभा:** मोहल्लेवासियों की मानें तो उक्त मकान में काफी दिनों से धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियां देखने को मिली रही थीं। रविवार को मोहल्लेवासियों का गुस्सा इन पर फूट पड़ा और मामले ने तूल पकड़ा। बताया जा रहा है कि उक्त चारों एजेंट क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर कई लोगों से मुलाकात करते रहते हैं।

### की जा रही है जांच

मिट्ठूमुड़ा में धर्मांतरण के मामले में तीन महिला सहित एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**- आकाश मरकाम**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़

## जैकेट के शेष

### पटाखों ने बिगाड़ी .....

का एक्यूआई सुरक्षित माना जाता है, जबकि 100 से ऊपर की रीडिंग को अस्वस्थ माना जाता है।

अब खबर छत्तीसगढ़ की। दिवाली की अगली सुबह यानी 1 नवंबर की सुबह पीएम 500 तक पहुंच गया। रायपुर ही नहीं दूसरे शहरों की हवा भी खतरनाक स्तर से प्रदूषित पाई गई। दीपावली में फोड़े जाने वाले पटाखों में खतरनाक रसायनों की मिश्रण से राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर शहरों की हवा बुरी तरह से प्रभावित हुई। एयर क्वालिटी इंडेक्स बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजधानी सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में दीपावली के पूर्व राष्ट्रीय औसत पर रहा है। लेकिन यह शुक्रवार को खतरनाक स्तर को पार कर गया। रायपुर तथा भिलाई में पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर पांच सौ के करीब पहुंच गया। इस स्तर पर फाइन पार्टिकुलेट मैटर के पहुंचने से लोगों को घुटन होने के साथ सांस लेने में परेशानी होती है।

### इधर, दिल्ली में ....

यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के बताए मानक से 65 गुना ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के 4 और हरियाणा के 5 शहर शामिल हैं।

### वायरल के बाद ....

सौ से अधिक है। चिकित्सकों का मानना है कि दिवाली के दौरान राजधानी समेत प्रदेश में जमकर पटाखे फोड़े गए जिससे वायु प्रदूषण दस गुना बढ़ गया। बारुद में मिले हानिकारक रसायन, तांबा कैडमियम, सल्फर, एल्युमिनियम और बोरियम हवा में घुलकर इसे जहरीला बना चुके हैं जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे दमा सहित फेफड़े से संबंधित बीमारियों के पीड़ितों की दिक्कतें ज्यादा बढ़ने की आशंका है। आंखों में जलन, त्वचा में रूखापन और खुजली जैसी समस्या लेकर मरीज अस्पताल पहुंचने लगे हैं और आने वाले दिनों में इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है।

### गैंगरेप के दोषी ....

डिवीजन बेंच ने कोंडागांव पाक्सो कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें दोषी को वयस्कों के लिए बनी जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया था। गौरतलब है कि पाक्सो कोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी किशोर को वर्ष 2019 में आइपीसी 376 (डी) और पाक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी पाते हुए 20 साल जेल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया था। पाक्सो कोर्ट ने उसे किशोर आश्रय गृह से सेंट्रल जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिए जाने के बाद दोषी ने 'सकारात्मक सुधारात्मक प्रगति रिपोर्ट' के आधार पर रिहाई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दरअसल 19 जून 2017 को गिरफ्तार सामूहिक दुष्कर्म के इस आरोपी की उम्र 18 वर्ष से कम थी। याचिका में इसी बात को आधार मानते हुए आरोपी की ओर से कहा गया कि उसे सुधार का अवसर दिया जाए। हालांकि कोर्ट ने जब फैसला सुनाया उस वक्त याचिकाकर्ता की आयु 19 वर्ष थी।

### आरोपी याचिकाकर्ता ....

के अधिनियम की धारा 20 के तहत जांच के लिए पाक्सो कोर्ट के समक्ष लाया जाना चाहिए। वारंट में आगे प्रावधान है कि हर साल याचिकाकर्ता की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए और पाक्सो कोर्ट को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

### नक्सलियों ने किया ....

गंभीर स्थिति में छोड़ नक्सली उनके हथियार भी लूट ले गए। हमले के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई। हमले में घायल दो जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया। जानकारी के मुताबिक सुकमा जिला धूर नक्सल प्रभावित जगरगुण्डा में रविवार को हर बार की तरह साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। बाजार में सुरक्षा के लिए जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान बाजार के करीब ड्यूटी में तैनात दो जवानों पर नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम के सदस्यों ने हमला कर दिया। हमले में एक जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। नक्सलियों ने उस समय हमला किया, जब जवान बाजार में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने ड्यूटी कर रहे जिला बल के जवान करटम देवा व सोढ़ी कन्ना पर हमला कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने दोनों जवानों के पास रखे इंसास राइफल भी लूट लिए और मौके से फरार हो गए।

**जवानों के सिर, गले व हाथों में किया हमला :** हमले के बाद हथियार छीनने का प्रयास कर रहे नक्सलियों का जवानों ने बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन हथियार लूटने से नहीं बचा सके। जवानों पर नक्सलियों ने धारदार हथियारों से सिर, गले के करीब व हाथों में हमला किया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जगरगुंडा थाना से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर चिंतलनार मार्ग पर प्रति रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसकी दूरी जगरगुण्डा थाना से लगभग डेढ़ किमी दूर है।

### प्रारंभिक उपचार के .....

किया गया। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल जवानों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 'हमर लैब' का ....

इसकी लिखित शिकायत एक अज्ञात व्यक्ति ने एसडीएम कार्यालय को दिया, जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जांच के आदेश दिए हैं। जबकि संक्रमित मरीज विगत पांच वर्षों से एआरटी लीक से दवा ले रहा है।

## पेज एक के शेष

### आज से ...

पूरे परिसर की साज-सज्जा की गई है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग की प्रदर्शनी का स्टॉल लगाए जाने की तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### आज रंगारंग सांस्कृतिक...

टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति होगी।

### 5 को राज्यपाल होंगे...

आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

### तीन दिनों के समारोह...

ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

### 5 को लोकधुन...

राजेश अवस्थी, सुश्री आरू साहू एवं सुश्री नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी।

### रायगढ़-सारंगढ़ में धर्मांतरण...

धर्म विशेष का प्रचार करते हुए तरह तरह की बातें कहते हुए महिलाओं के एक समूह के सामने दूसरे धर्म के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। इसी बीच मोहल्लेवासियों के साथ भाजयुमो व विश्व हिंदू परिषद के सदस्य अंशु टुटेजा सहित भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे। घर के बाहर लोगों की भीड़ धर्म विशेष के प्रचारकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगी। घटना की सूचना मिलते ही जूट मिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर के बाहर एकत्र लोगों को समझाइश दी। बताया जा रहा है कि घर को भीतर से ताला लगा कर धर्म विशेष का प्रचार करते हुए धर्मांतरण किया जा रहा था। घर के भीतर करीब एक दर्जन से अधिक महिलाएं मौजूद थीं। तीन महिला व एक पुरुष द्वारा धर्म विशेष को अपनाने की बात कही जा रही थी। कुछ देर बाद एएसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अभिषेक कौशिक मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस टीम घर के भीतर दाखिल हुई और एजेंटों को थाने ले आई। थाने में प्रार्थी महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन महिला व एक पुरुष के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी। दूसरी घटना सारंगढ़ जिले कनकबीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेगीनडीह का है, जहां 2 धर्म विशेष के प्रचारकों द्वारा आदिवासी परिवार का धर्म परिवर्तन कराने के लिए एक सभा का आयोजन किया गया था।

**मनंतवड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बोले राहुल गांधी**

# 'प्रियंका आप लोगों की सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को केरल के वायनाड में एक जनसभा को संबोधित किया। वायनाड सीट से उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने मनंतवड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल वायनाड के लोग ही समझते हैं कि उनके भाई राहुल गांधी सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। रविवार को प्रियंका के साथ राहुल गांधी भी लोकसभा उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव लड़ने का फैसला करके राजनीति में कदम रखा है। राहुल गांधी ने भी रैली को संबोधित किया और लोगों से कहा कि प्रियंका गांधी उनके लिए 'सबसे अच्छी संभावित सांसद' होंगी। उन्होंने कहा, '.मैं भाग्यशाली हूं कि वह मेरी बहन हैं। अब, आप भी भाग्यशाली हैं कि वह मेरी बहन हैं। .. वह आपकी बहन की तरह, आपकी मां की तरह, आपकी बेटी की तरह होंगी। .. इसलिए मुझे विश्वास है कि अब आपको सबसे अच्छी सांसद मिल सकती है।'

■ वायनाड सीट से उपचुनाव लड़ रही हैं गांधी



प्रियंका की तारीफ करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'हर जगह आप हिंसा, गुस्सा देखते हैं जिससे लोग मानवता भूल जाते हैं। प्रियंका गांधी उस लड़की से मिलने गईं जो उनके पिता की हत्या के मामले में दोषी थी। प्रियंका ने मुझे बताया कि उसे नलिनी को देखकर बुरा लगा। जिस लड़की को उसके पिता की हत्या में दोषी ठहराया गया था, प्रियंका ने जाकर उससे मुलाकात की और कहा कि वह उसके लिए दुखी है।'

### लोगों के लिए बेहतर की जाएंगी सुविधाएं : प्रियंका

वहीं प्रियंका गांधी ने कहा, 'जब मेरे भाई के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया गया, तो यह आप ही थे जिन्होंने समझा कि वह सच्चाई और अधिकार के लिए लड़ रहे थे।' प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 'कड़ी लड़ाई लड़ी', लेकिन सुविधाओं को अभी भी बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह क्षेत्र में रोजगार की कमी के मुद्दे को हल करेंगी और वायनाड में नई सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने रास्ता दिखाया है। उन्होंने संसद में आपके मुद्दे उठाए हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि सरकारें लोगों के लिए सरकार के रूप में काम नहीं कर रही हैं।

### मोदी सरकार पर कटाक्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी की सरकार केवल अपने बेहद अमीर व्यापारियों के लिए काम करती है। उनका उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, बेहतर जीवन स्तर या बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करना नहीं है। उनका एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है और वे साधन क्या हैं? वे साधन आपको बांट रहे हैं, आपके बीच गुस्सा फैला रहे हैं, नफरत फैला रहे हैं। वह आपसे जमीन और बंदरगाह छीनकर व्यापारियों को दे रहे हैं।'

## श्रीलंका : चुनाव शिकायतों के मामलों में 190 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में हुए 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक छह उम्मीदवारों सहित 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा।

पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल 'न्यूजफर्स्ट.एलके' ने पुलिस मीडिया प्रवक्ता डीआईजी (उप महानिरीक्षक) निहाल थलदुवा के हवाले से कहा, 'इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं।'

## बॉर्डर पर भाईदूज...



**दक्षिण दिनाजपुर।** भारत-बांग्लादेश सीमा के पास, पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ भाई दूज का त्योहार मनाती हुईं महिलाएं।

*पवन कल्याण की पहल, मिला भाजपा का साथ*

# सनातन की रक्षा के लिए नरसिंह वाराही ब्रिगेड का गठन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने 'नरसिंह वाराही विंग' बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जनसेना 'आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सनातन धर्म की रक्षा' के लिए प्रयास के तहत 'नरसिंह वाराही विंग' की स्थापना करेगी। पवन कल्याण ने कहा, 'हिंदू मंदिरों में जाने और सनातन धर्म का पालन करते समय कुछ मूल्यों को बरकरार रखा जाना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि सनातन धर्म के बिना देश वैसा नहीं रह पाएगा। सनातन न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक ज्योति है।' उन्होंने कहा, 'सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म या सनातन धर्म का मजाक उड़ाने वाली कोई भी पोस्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उस दिशा में एक कदम के रूप में, जेएसपी ने सनातन धर्म संरक्षण विंग या नरसिंह वाराही समूह का गठन किया है।' पवन कल्याण ने कहा, 'चर्च और मस्जिद का भी सम्मान करना होगा।



### बीजेपी ने कहा- 'इसमें गलत क्या है?'

पवन कल्याण की घोषणा पर बीजेपी नेता नलिन कोहली ने कहा, 'लोग हद पार कर सनातन धर्म के बारे में बेतुकी बातें कह चुके हैं। देखिए तमिलनाडु के डिप्टी सीएम ने सनातन के बारे में क्या कहा। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना एक बीमारी से कर दी. क्या किसी भी धर्म के बारे में ऐसा कहा जाना चाहिए? सनातन को ही निशाना क्यों? अगर कोई सनातन धर्म को मजबूत करना चाहता है तो इसमें गलत क्या है?'

*सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने दी यह जानकारी*

# देश में अभी भी हैं ऐसे स्कूल जहां लड़के और लड़कियों के लिए अलग नहीं टॉयलेट!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने बताया है कि देश के करीब 98 फीसदी स्कूलों (सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट) में छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसका अर्थ है कि देश में करीब 2 फीसदी की संख्या में स्कूल ऐसे हैं जहां लड़के और लड़कियां अभी भी एक ही टॉयलेट का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि सरकार ने इसकी संख्या का जिक्र नहीं किया है।बता दें कि कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर केंद्र और राज्यों से कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने और सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और आवासीय स्कूलों में अलग महिला शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की थी। इसी याचिका के जवाब में सरकार ने कुछ जानकारी सर्वोच्च न्यायालय में उपलब्ध कराई।



### तमिलनाडु का आंकड़ा

तमिलनाडु में यह आंकड़ा 99.7 प्रतिशत, केरल में 99.6 प्रतिशत, सिक्किम, गुजरात, पंजाब में 99.5 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 99.6 प्रतिशत, कर्नाटक में 98.7 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 98.6 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 97.8 प्रतिशत, राजस्थान में 98 प्रतिशत, बिहार में 98.5 प्रतिशत और ओडिशा में 96.1 प्रतिशत है। पूर्वोत्तर राज्य राष्ट्रीय औसत 98 प्रतिशत से पीछे हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर ने भी 89.2 प्रतिशत स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई है।

## राशिफल


**मेष** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**वृष** आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।


**सिंह** व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**कन्या** सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**तुला** भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।


**वृश्चिक** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**मकर** किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।


**कुंभ** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

*मंत्रालय की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा*

# मनरेगा की योजनाओं में करोड़ों का खेल, दर्ज हुए कई केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) की आंतरिक लेखा परीक्षा शाखा (ला) की हालिया रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजी-एनआरईजीएस) में करोड़ों रुपए के नुकसान की बात सामने आई है। इसमें तमिलनाडु, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई जिलों में कुल 35.37 करोड़ रुपए के वित्तीय हानि का खुलासा किया गया है। अकेले तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में 34.02 करोड़ रुपए, राजस्थान के नागौर में 1.09 करोड़ रुपए, और मध्य प्रदेश के मुरैना में 26 लाख रुपए का नुकसान बताया गया है।



### आईएडब्ल्यू की रिपोर्ट

आईएडब्ल्यू की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में किए गए 92 जोखिम-आधारित आंतरिक ऑडिट मंत्रालय के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाएं सामाजिक कल्याण से संबंधित हैं, इसलिए आवश्यक है कि इन योजनाओं का बजट पारदर्शिता के साथ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। आईएडब्ल्यू का उद्देश्य है कि यह सुनिश्चित करना कि सरकारी खर्च विवेकपूर्ण और लाभकारी हो।

**भोपाल में प्रदेश की अपनी तरह की ऐसी पहली घटना**

# बाप रे! पत्नी के सामने दुकान संचालक ने 'अंकल' कह दिया तो ग्राहक ने बेल्ट- डंडे से कर दी कुटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में कपड़े की दुकान पर पहुंचे युवक ने दुकानदार की डंडे और बेल्ट से पिटाई कर दी। दुकानदार का कसूर सिर्फ इतना ही था कि साड़ी दिखाते समय उसने युवक को अंकल कह दिया। अंकल कहने पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने अपने साथियों को बुलाकर दुकानदार के साथ दुकान में ही मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर आरोपी और उसे साथियों पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार हनुमान नगर, जाटखेड़ी निवासी विशाल शास्त्री कपड़ों की दुकान का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार दोपहर वे दुकान पर थे, तभी रोहित रिछारिया उनकी दुकान पर पत्नी और बच्ची को लेकर पहुंचा।

### दोबारा बदतमीजी की तो जान से खत्म कर देंगे

विशाल से मारपीट होती देख उसे बचाने रिश्तेदार महिला आई। वह विशाल को बचाने लगी, लेकिन गुस्साए आरोपियों ने उनसे भी बेल्ट से मारपीट की है। आरोपियों ने धमकाया है कि अब दोबारा बदतमीजी की तो जान से खत्म कर देंगे। मारपीट की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी थी। विशाल शास्त्री ने घटना की शिकायत मिसरोद थाने पहुंचकर की है।

## शब्द पहेली - 5680



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली - 5679 का हल



### सूडोकु नवताल 5693

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGA, SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5692 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |




# आर माधवन की फिल्म का पहला लुक जारी...

**मुंबई।** आर माधवन ने अपनी फिल्म अधिरष्टसाली का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया है। रविवार को माधवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मुजे अपनी अपमिंग फिल्म का पहला लुक शेयर करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। डायरेक्टर मिथरान जवाहर की ये फिल्म मेरे दिल के काफी करीब रही है और इसे करने का यादगार अनुभव रहा है।' माधवन इस फिल्म में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। माधवन के साथ मैडोना सेबेस्टियन, राडिका सरथकुमार, और साई धंसिका जैसे बड़े एक्टर अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।

लाइफ Style



# नोरा
## लोग पूछते थे बदले में क्या दोगी?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस और डांसिंग की क्वीन नोरा फतेही ने बॉलीवुड में 10 साल का सफर तय कर लिया है। 2014 में आई फिल्म 'फगली' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली नोरा फतेही ने 10 साल में एक खास मुकाम बनाया है और डांसिंग क्वीन बन गई हैं।

अब तक के करियर में 44 से ज्यादा फिल्में और गाने करने वाली नोरा फतेही ने हाल ही में अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद किया है। जिसमें नोरा ने बताया कि कैसे लोग उन्हें काम दिलाने का भरोसा देकर फायदा उठाने की फिराक में रहते थे। नोरा ने बताया कि एक फिल्म मेकर ने तो यहां तक कह दिया था कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा, लेकिन इसके बदले मुझे क्या मिलेगा। नोरा फतेही ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। जिसमें उन्होंने अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद कर कई कहानियां बताई हैं। नोरा बताती हैं, 'जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो केवल 22 साल की थी। अगर आज कोई मेरे पास कुछ काम लेकर आता है तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे क्यों काम ऑफर कर रहे हो। तुम्हें मुझसे क्या चहिए। इस दौर में कोई भी किसी के लिए फ्री में कुछ नहीं करता। लेकिन तब ऐसा नहीं था। स्ट्रगलिंड के दिनों में मैं ये मानती थी कि कोई आया है तो इसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है। मैंने अपने करियर के शुरुआत में कई बेवकूफ लोगों को फॉलो किया है। उनमें से कई लोगों ने मुझसे सीधे फेवर मांगा। साथ ही कई लोगों ने यहां तक कहा कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा।

हॉलीवुड मसाला



# प्रेमिका को गूगल पर करते हैं सर्च...

**लॉस एंजिलिस।** 'स्पाइडर-मैन' फेम टॉम हॉलैंड और उनकी गर्लफ्रेंड के जेंडया के बारे में तो सभी जानते हैं। टॉम को कई मौकों पर जेंडया का विशेष रूप से ख्याल रखते हुए देखा गया है। हाल ही में टॉम ने साझा किया कि जेंडया को कभी-कभी गूगल पर सर्च करते हैं। इसके पीछे कि जो वजह टॉम ने बताई उसने प्रशंसकों को हैरान कर दिया और उनका दिल पिघल गया। रिपोर्ट के अनुसार टॉम ने साझा किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड जेंडया को गूगल पर इसलिए सर्च करते हैं, क्योंकि वह पता लगा सकें कि वह ठीक हैं या नहीं।



# मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं ...

**लॉस एंजिलिस।** एलन मस्क ने हाल ही में एक ट्रंप फैन अकाउंट के ट्वीट को री-शेयर करते हुए कार्डी बी पर कटाक्ष किया। अकाउंट ने उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए मिल्वौकी रैली में उपस्थिति के दौरान रैपर की एक क्लिप साझा की थी। इस दौरान कार्डी बी टेलीप्राम्पटर के खराब होने की समस्या से जूझती नजर आईं। इसी ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा, 'एक और कठपुतली जो बिना शब्दों के बात भी नहीं कर सकती।' उन्होंने आगे कहा, 'कमला अभियान में कोई प्रामाणिकता या सच्ची सहानुभूति नहीं है।' वहीं, एलन मस्क का यह ट्वीट देख कार्डी बी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने तुरंत इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'मैं कठपुतली नहीं हूं, एलन। मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं।



# जान्हवी ने की 'भैया' की तारीफ...

**मुंबई।** हालिया रिलीज रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में फैंस को अर्जुन कपूर का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में वह पहली बार एक खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में डेंजर लंका के किरदार में नजर आए अर्जुन को लगातार लोगों से तारीफें मिल रही हैं। इस बीच अब उनकी बहन जान्हवी कपूर ने भी उनकी तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट साझा किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए इमोजी साझा किया है। इसमें उन्होंने फायर इमोजी का उपयोग किया। बता दें कि फिल्म ने दिवाली में नए रिकॉर्ड बनाए, पहले दिन दुनिया भर में 65 करोड़ रुपये की कमाई की।



# कॉमेडी किंग राजपाल का चढ़ गया पारा

**मुंबई।** राजपाल यादव ने बॉलीवुड की 200 से ज्यादा फिल्मों में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया है। दमदार एक्टिंग, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और एनर्जी से भरपूर एक्टर ने अपने दम पर कॉमेडी किंग का तमगा हासिल किया है। राजपाल यादव फिल्मों के साथ सोशल मीडिया पर भी फैन्स के लिए अक्सर कॉमेडी करते नजर आते रहते हैं। लेकिन हाल ही में राजपाल यादव से एक सवाल पूछा गया, जिसके बाद उनका पारा चढ़ गया। राजपाल यादव बीते 2 दिनों से एक वीडियो को लेकर चर्चा में रहे हैं। दरअसल राजपाल यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पटाखे न जलाने की सलाह दे डाली। लेकिन ये सलाह कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और राजपाल को ट्रोल करने लगे।

टीवी मसाला

# अपना लिया था इस्लाम, अब धूमधाम से मनाई दीपावली

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना की दीपावली की खुशियां दोगुनी बढ़ गई हैं। चाहत खन्ना ने इस दिवाली नया घर खरीदा है। चाहत ने यहां अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहली दीपावली मनाई है।



चाहत ने इसकी तस्वीरें भी अपने फैन्स के साथ शेयर की हैं। नए घर में दिवाली पूजा के बाद तस्वीरें पोस्ट करते हुए चाहत ने भी अपने फैन्स को त्योहार की बधाई दी है। पहली शादी के बाद चाहत खन्ना को मुस्लाम लड़के से प्यार हो गया। प्यार के बाद चाहत ने दूसरी शादी रचाई और हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपना लिया। लेकिन दूसरी बार भी उनका रिश्ता नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अपने दूसरे पति को छोड़ते ही चाहत ने घर वापसी की और हिंदू धर्म अपना लिया। अब चाहत ने धूमधाम से दीपावली मनाई है। चाहत खन्ना टीवी की दुनिया की बड़ी एक्ट्रेस हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। चाहत खन्ना को इंस्टाग्राम पर 5 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। चाहत ने 2 बार शादी की और दोनों बार ही उनका तलाक हो गया। चाहत ने अपने दूसरे पति के लिए हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम तक अपना लिया था। लेकिन दूसरी बार तलाक होने के बाद चाहत खन्ना ने वापस हिंदू धर्म में वापसी कर ली।

## जब 'साराभाई वर्सेज साराभाई' के लिए संशय में रहीं रूपाली

**मुंबई।** 'साराभाई वर्सेज साराभाई' टीवी का सबसे पसंदीदा टीवी शो में से एक रहा है। देवेन भोजानी के इस शो को लोगों से काफी ज्याद प्यार मिला है। इस शो के दो सीजन आ चुके हैं, जिसे इसके लेखन और अभिनेताओं के प्रदर्शन के लिए पसंद किया जाता रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, शो के लेखक आतिश कपाड़िया ने सिटकॉम की कास्टिंग प्रक्रिया को याद किया। उन्होंने बताया कि सबसे मुश्किल कास्टिंग रूपाली गांगुली की थी, क्योंकि अभिनेता मोनिशा की भूमिका निभाने को लेकर संशय में थे। बातचीत में, लेखक और निर्देशक आतिश कपाड़िया ने बताया कि उन्होंने इस शो के लिए पांच कलाकारों को कैसे चुना। लेखक ने बताया कि उन्होंने साराभाई वर्सेज साराभाई के लिए पांच मुख्य अभिनेताओं को कैसे चुना। उन्होंने खुलासा किया कि वह सिटकॉम में सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह, सुमीत राघवन, राजेश कुमार और रूपाली गांगुली को चाहते थे। उन्होंने कहा, "ये जो पाँचो किरदार हैं, उनके लिए मैंने, बहुत साफ़ तौर पर बोल दिया था।



# तलाक के बाद भी रत्तीभर नहीं घटा प्यार....

**मुंबई।** आमिर खान इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिनके नाम बॉलीवुड इतिहास की सबसे कमाऊ मूवी का रिकॉर्ड दर्ज है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से पहचाने जाने वाले आमिर खान साल में 1 ही फिल्म करते हैं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देते हैं। हाल ही में आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव ने आमिर खान की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वे क्रिएटिव लोगों में सबसे बेहतरीन इंसान हैं। आमिर खान की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। किरण राव हाल ही में करीना कपूर के पॉडकास्ट शो औरतें क्या चाहती हैं? में पहुंची थीं। यहां किरण राव ने आमिर खान के बारे में खुलकर बात की। किरण राव ने बताया, 'एक बार जब आमिर को कोई चीज पसंद आ जाती है, तो वह पूरी तरह से उसके पीछे लग जाते हैं। वह 100 प्रतिशत इंसान हैं। यदि उसे यह पसंद नहीं है, तो वह वास्तव में ईमानदार है, लेकिन यदि उसे कुछ पसंद है, तो वह वास्तव में इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। वह सचमुच उन शानदार लोगों में से एक हैं जिनके साथ आप एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में काम कर सकते हैं।'





# लगातार 11 फ्लॉप के बाद बना विलेन, फिल्म सुपरहिट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर लंबे समय से बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल कर रहे थे। लगातार 11 से ज्यादा फ्लॉप फिल्में देने के बाद अर्जुन कपूर के करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। तभी उनके हाथ एक नेगेटिव किरदार लग गया और खलनायकी का ये फॉर्मूला एक बार फिर से काम कर गया। अर्जुन कपूर की खलनायकी उनके करियर के लिए खुशखबरी लेकर आई है। अब विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म हिट हो गई है। अर्जुन कपूर ने 2012 में फिल्म 'इशकजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। डेब्यू फिल्म तो हिट रही लेकिन उसके बाद काफी फ्लॉप्स का सामना करना पड़ा। डेब्यू के बाद उनकी दूसरी फिल्म 'औरंगजेब' 2013 में रिलीज हुई और फ्लॉप हो गई। इसके बाद गुंडे सेमी हिट रही और टू स्टेट्स सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद फाइंडिंग फैनी, तेवर जैसी फिल्में बुरी तरह पिट गईं। 2016 में आई फिल्म की एंड का सेमी हिट रही थी। इसके बाद से अर्जुन कपूर की लगातार 11 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। अब अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन में विलेन का किरदार निभाया है। विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म भी हिट होने की ओर बढ़ रहा है।

## सितारों ने अभिनय और काबिलियत के दम पर पाया यह मुकाम

# मायानगरी में छाए ये गांव की मिट्टी के अनमोल रत्न

*मुंबई। मनोरंजन की चकाचौंध दुनिया सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। ग्लैमर वर्ल्ड को देख ज्यादातर लोग अपने सपने को साकार करने मायानगरी मुंबई पहुंचते हैं। अपनी काबिलियत और हुनर के दम पर इंडस्ट्री में अपनी पहचान और जगह बनाने के लिए वे लोग जद्दोजहद करते हैं। उनमें से कुछ की मेहनत रंग लाती है और किस्मत साथ देती है तो वे फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम हासिल कर लेते हैं। बॉलीवुड में राज करने वाले कुछ सितारे ऐसे ही हैं, जो छोटे शहरों और कस्बे से निकलकर मुंबई पहुंचे। अपने दमदार अभिनय के दम पर वह आज करोड़ो लोगों के दिलों पर राज करते हैं। चलिए जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो गांव की मिट्टी से निकलकर बॉलीवुड में छाए...*



**पंकज त्रिपाठी :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है पंकज त्रिपाठी का। 'मिर्जापुर के कालीन भईया' की तो दुनिया दीवानी है। बिहार के गोपालगंज जिला के बेलसंड गांव से आने वाले पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड में लंबे वक्त से काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्मी दुनिया की चमक-धमक भी पंकज त्रिपाठी को बदल नहीं पाई है और यही उनकी खासियत है। पंकज त्रिपाठी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब भाता है।



**मनोज बाजपेयी :** इस लिस्ट में अगला नाम आता है मनोज बाजपेयी का। बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेता की लिस्ट में मनोज का नाम जरूर शामिल किया जाता है। बिहार के छोटे से गांव बेलवा के रहने वाले मनोज की एक्टिंग की कायल पूरी दुनिया है, लेकिन उन्होंने यह कामयाबी रातों रात नहीं मिली। इस कामयाबी के लिए उन्होंने कई साल तक काफी संघर्ष किया है।



**कंगना रनौत :** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। कंगना हिमाचल प्रदेश के छोटे से टाउन भांबला की रहने वाली हैं। फिल्मों में काम करने के लिए उन्होंने पहले अपने परिवार वालों से संघर्ष किया और बाद में फिल्म इंडस्ट्री में भी उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, आज कंगना ने मेहनत के दम पर बॉलीवुड में राज कर रही हैं और वह तीन नेशनल अवॉर्ड भी जीत चुकी हैं।



**जयदीप अहलावत :** जयदीप अहलावत भी छोटे से गांव से ही ताल्लुक रखते हैं। उनका गांव भले ही छोटा हो, लेकिन अभिनय के मामले में जयदीप का कद बहुत बड़ा है। 'पाताल लोक' में काम करने के बाद जयदीप की फैन फॉलोइंग में जबर्दस्त इजाफा हो चुका है। हालांकि, इस कामयाबी को पाने के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया है।



**विद्या बालन :** विद्या बालन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। विद्या उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो अपने दम पर किसी फिल्म को हिट करवा सकती हैं। उन्होंने बहुत सी हिट फिल्मों में काम कर सबका दिल जीता है। विद्या बालन केरल के पलक्कड़ जिले के पुथुर नाम के गांव में जन्मी थीं। वहां से बॉलीवुड तक विद्या बालन ने अपने दम पर ही पहचान बनाई है।



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी :** नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। नवाजुद्दीन बॉलीवुड के उन कलाकारों में से एक हैं, जिनकी एक्टिंग का लोहा बड़े-बड़े सितारे मानते हैं। सलमान से लेकर शाहरुख और आमिर तक उनकी प्रतिभा की सराहना कर चुके हैं। नवाज भी उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे से ताल्लुक रखते हैं। नवाज ने बॉलीवुड में यह मुकाम हासिल करने के लिए बहुत लंबा संघर्ष किया है। गुजारा करने के लिए वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी कर चुके हैं।



**संजय मिश्रा :** बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा का जन्म बिहार के दरभंगा के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रतिभा और दृढ संकल्प के दम पर खुद को एक बेहतरीन एक्टर के रूप में स्थापित किया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनका भी कोई जानकार नहीं था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। रणदीप हुड्डा का जन्म हरियाणा के रोहतक में हुआ था। डॉक्टर परिवार में जन्में रणदीप हुड्डा बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई मेलबर्न यूनिवर्सिटी से कर चुके हैं।

# पार्थवी, वंशिका, हेमंत बने वर्ल्ड चैंपियन, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 17 पदक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने कोलोराडो (अमेरिका) में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीत कर दमदार प्रदर्शन किया। आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भारत की महिला मुक्केबाजों ने 10 पदक के साथ पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया।

### पार्थवी की 5-0 से एकतरफा जीत

पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड की आलिया होपेमा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि वंशिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को महज एक मिनट और 37 मिनट में शिकस्त दे दी। हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

### निशा को रजत पदक

निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा।

### 11 खेलों इंडिया से जुड़े खिलाड़ी

भारत के लिए पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े खिलाड़ी हैं जबकि इसमें से आठ साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) राष्ट्रीय उत्कृष्ठता केंद्र के प्रशिक्षु हैं।

अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप




### भारत के पदक विजेता

**स्वर्ण**

कृषा वर्मा (महिला 75 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (महिला 65 किग्रा), वंशिका गोस्वामी (महिला 80 से अधिक किग्रा), हेमंत सांगवान (पुरुष 90 किग्रा)।

**रजत**

निशा (महिला 51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (महिला 54 किग्रा), कृतिका वासन (महिला 80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा)।

**कांस्य**

ऋषि सिंह (पुरुष 50 किग्रा), कृष पाल (पुरुष 55 किग्रा), सुमित (पुरुष 70 किग्रा), आर्यन (पुरुष 85 किग्रा), लक्ष्य राठी (पुरुष 90 से अधिक किग्रा)।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी 31 टीम

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोमवार से यहां शुरू होगी जिसमें देशभर की 31 टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में हर टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी जो 13 नवंबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 15 नवंबर को जबकि फाइनल और तीसरे नंबर के लिए खेले जाने वाला मैच 16 नवंबर को होगा। पूल ए में गत चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी तथा छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं।

### रोहित का पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध

**मुंबई।** रोहित शर्मा का निजी कारणों से इस महीने के अंत में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है। रोहित ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में भारत को मिली 25 रन की हार के बाद कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं जाऊंगा या नहीं, लेकिन उम्मीद लगाए हूं।'



### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने ओडिशा को हराया

**गुवाहाटी।** अलादीन अजराई के शानदार दो गोल और गिलर्मो फर्नांडीज के गोल की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक मैच में ओडिशा एफसी को 3-2 से हरा दिया। ओडिशा के लिए हुगो बोमोस और डिएगो मौरिसियो ने गोल किए। अजराई ने 12वें और 40वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। पर ओडिशा के लिए बोमोस ने 60वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 2-1 कर दिया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए फर्नांडिज ने 11 मिनट बाद तीसरा गोल दागा। मौरिसियो ने 83वें मिनट में गोल कर ओडिशा के लिए हार का अंतर कम किया।



### राशिद 25वें स्थान पर रहे, ली बने चैंपियन

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर राशिद खान रविवार को यहां बीएनआई इंडोनेशियाई मास्टर्स के आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। कनाडा के रिचर्ड ली चौथे दौर में 70 का कार्ड खेलने के बाद कुल 23 अंडर के स्कोर के साथ इसके विजेता बने। उन्होंने सात साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए एशियाई टूर अपना तीसरा खिताब जीता।



## टेस्ट : 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई भारतीय टीम

# न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम पर 3-0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाया। कीवियों ने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को यहां 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया। ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई।

यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।




### एजाज ने छुड़ाए छक्के

न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने वानखेड़े स्टेडियम को फिर से अपने लिए भाग्यशाली साबित करते हुए 57 रन देकर छह विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स ने 42 रन के एवज में तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में छिना ताज

न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज हार के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंकतालिका में भी तगड़ा झटका लगा है। अब भारतीय टीम दूसरे स्थान पर फिसल गई है। इस मुकाबले से पहले भारती टीम का अंक प्रतिशत 62.82 था, जो अब गिरकर 58.33 हो गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब पहले स्थान पर आ गई है।

### डब्लूटीसी अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अंक | पीसीटी |
|---|---|---|---|---|---|
| आस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 90 | 62.50 |
| भारत | 14 | 8 | 5 | 98 | 58.33 |
| श्रीलंका | 09 | 5 | 4 | 60 | 55.56 |
| न्यूजीलैंड | 11 | 6 | 5 | 72 | 54.55 |
| द.अफ्रीका | 08 | 4 | 3 | 52 | 54.17 |

### डब्लूटीसी टीमों का समीकरण

- ऑस्ट्रेलिया– 7 मैचों में से 5 जीतने होंगे
- भारत– 5 मैचों में से 4 में जीत और 1 ड्रॉ
- श्रीलंका– 4 मैचों में से 4 मैच जीतने पर
- न्यूजीलैंड– 3 मैचों में से 3 मैच जीतने होंगे
- द .अफ्रीका– 4 मैचों में से 4 मैच जीतने होंगे

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो फिलिप्स | 05 | 16 | 0 | 0 |
| रोहित का फिलिप्स बो हेनरी | 11 | 11 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो पटेल | 01 | 04 | 0 | 0 |
| कोहली का मिचेल बो पटेल | 01 | 07 | 0 | 0 |
| पंत का ब्लंडेल बो पटेल | 64 | 57 | 9 | 1 |
| सरफराज का रविंद्र बो पटेल | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का यंग बो पटेल | 06 | 22 | 0 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर बो पटेल | 12 | 25 | 0 | 0 |
| अश्विन का ब्लंडेल बो फिलिप्स | 08 | 29 | 0 | 0 |
| आकाशदीप बो फिलिप्स | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 29.1 ओवर में 121/10गेंदबाजी : हेनरी 3-0-10-1, पटेल 14.1-1-57-6, फिलिप्स 12-0-42-3.

# लिविंगस्टोन का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ नॉर्थ साउंड

कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के वनडे में पहला शतक और सैम कुरेन के साथ उनकी 140 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड में दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 15 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 328 रन बनाए। इंग्लैंड ने 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 329 रन बनाकर जीत दर्ज की। लिविंगस्टोन ने गुरुवार को पहले मैच में इंग्लैंड की आठ विकेट की हार में टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। उन्होंने दूसरे मैच में 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 85 गेंदों में नाबाद 124 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और नौ छक्के लगाए जिससे इंग्लैंड वेस्टइंडीज में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। फिल साल्ट के 59 रन और जैकब बेथेल (55)) के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की। कुरेन (52) ने अपने कप्तान का अच्छा साथ देकर टीम को लक्ष्य तक पहचाने में अहम भूमिका निभाई।





### शाई होप का शतक बेकार

वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान शाई होप ने 127 गेंद पर 117 रन की कप्तानी पारी खेली जिसमें उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कीसी कार्टी (71) और शेरफेन रदरफोर्ड (54) ने अर्धशतक जमाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। श्रृंखला का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ मैकॉय

ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। मैच के चौथे दिन की शुरुआत हालांकि गेंद बदलने को लेकर उठे विवाद से हुई। इस मामले को लेकर भारतीय खिलाड़ियों की अंपायर शॉन क्रेग के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अंपायर को यह कहते हुए सुना गया कि गेंद पर खरोंच लगी थी जिसके कारण उसे बदला गया, जबकि किशन ने गेंद बदलने के फैसले को 'बेवकूफी भरा' बताया। अंपायर क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन में गेंद बदलने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए सुना गया। वह कह रहे थे, 'गेंद पर स्क्रैच करो, हम उसे बदल रहे हैं। अब और बहस नहीं। चलो खेल शुरू करते हैं।'



# सही संयोजन बनाने पर लगा ध्यान : रिजवान

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि सोमवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी तैयारियों की शुरुआत होगी। पिछले रविवार को रिजवान ने बाबर आजम की जगह पाकिस्तान के कप्तान के रूप में कार्यभार संभाला था। रिजवान ने कहा, 'अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमें काफी संख्या में वनडे मैच खेलने हैं। आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होगी। फिर जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और घरेलू त्रिकोणीय टूर्नामेंट से हमें इस टूर्नामेंट से पहले सही संयोजन बनाने में मदद मिलेगी।' पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का गत विजेता है जिसने 2017 में पिछला चरण जीता था। उन्होंने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराया था।



# अनाहत ने जीता कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन पीएसए चैलेंजर खिताब

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 में महिला एकल का खिताब जीतकर साल की अपनी छठी पीएसए चैलेंजर ट्रॉफी हासिल की। टूर्नामेंट में तीसरी वरीयत 16 वर्षीय भारतीय ने फाइनल में जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को सीधे गेमों में 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराया।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनाहत ने शानदार खेल दिखाया और केवल एक गेम गंवाया। सेमीफाइनल में उन्होंने हांगकांग की सातवीं वरीय क्रिस्टी वोंग को 3-1 (11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से मात दी। इससे पहले उन्होंने पहले राउंड में हांगकांग की बोबो लैम और हेलेन टैंग को हराया था।हांग्झोउ एशियाई खेलों में महिला टीम और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत को वरीयता के कारण पहले दौर में बाई मिली।



## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को घर में मिली हार

# स्पिनरों की मददगार पिचों पर खेलने का फैसला सही : रोहित

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर स्पिनरों की मददगार पिचों पर खेलना पसंद करती है लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान पुणे और यहां खेले गए आखिरी दो मैचों में उसकी यह योजना बुरी तरह से विफल रही।

बेंगलुरु में तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर टीम की पहली पारी महज 46 रन पर सिमटी जबकि पुणे और मुंबई में भारतीय बल्लेबाज न्यूजीलैंड के फिरकी गेंदबाजों की काट ढूंढने में विफल रहे। रोहित से मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब पूछा गया कि क्या टीम को स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलने की अपनी योजना के बारे में फिर से विचार करना चाहिए तो उन्होंने कहा, 'किस तरह की पिच पर खेलना है यह बहुत पहले से तय नहीं होता है। यह श्रृंखला दर श्रृंखला तय होता है। हम ने इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन पिचों पर खेला है और इस बार हमें लगा कि टीम के लिए यह सही होगा। टीम ज्यादातर मौके पर सफल रही है लेकिन यह इकलौता मौका है जब हम इस श्रृंखला से जो हासिल करना चाहते थे उसमें हम पीछे रह गए हैं।' पिच को लेकर रोहित की स्वीकारोक्ति पूर्व खिलाड़ी और टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर द्वारा मुंबई टेस्ट से पहले कही गई बात के विपरीत थी। नायर से मुंबई में खेले गये तीसरे टेस्ट से पहले कहा था, 'मैं चाहता हूं कि हम पिचों को क्यूरेट कर सकें, लेकिन हम ऐसा नहीं करते हैं। क्यूरेटर ऐसा करते हैं। हमें जो भी पिच मिलती है हम उस पर खेलते है अब चाहे वह सीम वाली पिच हो या टर्न लेने वाली पिच हो।'



### गंभीर ने किया टीम का बचाव

भारतीय कप्तान ने गौतम गंभीर (मुख्य कोच) के नेतृत्व में टीम के नए कोचिंग स्टाफ का बचाव किया, जिसमें नायर, रयान टेन डोएशे (नीदरलैंड्स), मोर्ने मोर्कल (दक्षिण अफ्रीका) और टी दिलीप शामिल है। उन्होंने कहा, 'वे अभी-अभी टीम से जुड़े है। वे समझ रहे हैं कि यह टीम और खिलाड़ी कैसे काम करते हैं। उनकी आने के बाद यह टीम की की दूसरी श्रृंखला है। यह खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वह अपना काम करे। टीम के सहयोगी सदस्यों को चार-पांच महीने ही हुए है और ऐसे में कुछ आंकना जल्दबाजी होगी।'

# सबालेंका और पाओलिनी का जीत से आगाज

एजेंसी ▸▸ रियाद

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने सऊदी अरब में चल रहे डब्लूटीए फाइनल्स के पहले मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेट में जीत दर्ज की। सबालेंका ने शनिवार को 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की और चीन की खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 कर दिया।

इस जीत से सबालेंका साल का अंत शीर्ष पर करने की ओर बढ़ रही हैं। बेलारूस की खिलाड़ी को नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए अपने तीन ग्रुप मैच में से केवल दो जीतने की जरूरत है। इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने ग्रुप मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया। पाओलिनी ने साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में 7-6(5) 6-4 से जीत हासिल की।






## कुंभ मेला... नगर प्रवेश जुलूस



प्रयागराज। कुंभ मेला 2025 से पहले, रविवार को प्रयागराज, यूपी में नगर प्रवेश जुलूस के दौरान पंच दशनाम जूना अखाड़े के साधु।

अमेरिका में हाल ही में एक पालतू गिलहरी की मौत ने राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। न्यूयॉर्क के एक व्यक्ति की पालतू गिलहरी 'पीनट' जो सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध थी, को अमेरिकी अधिकारियों ने उठा लिया और उसे इच्छा मृत्यु दे दी।



# अमेरिकी चुनाव में पालतू गिलहरी 'पीनट' की मौत बनी बड़ा मुद्दा

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

इस मामले ने विवाद को जन्म दे दिया है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर बयान दिया और कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रम्प सत्ता में आते हैं, तो वह गिलहरियों की रक्षा करेंगे। मस्क के इस बयान ने राजनीतिक माहौल में नई हवा भर दी है।

### गिलहरी पीनट की कहानी और जनता की प्रतिक्रिया

गिलहरी 'पीनट' अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की रहने वाली थी और सोशल मीडिया पर इसके कई फॉलोअर्स थे। उसके मालिक ने उसे बचपन से पाला था और उसे एक प्यारी और मासूम गिलहरी के रूप में जाना जाता था। कुछ दिन पहले, सरकारी अधिकारियों ने गिलहरी को जब्त कर उसे इच्छामृत्यु दे दी। इस फैसले ने सोशल मीडिया पर लोगों को भड़का दिया। जनता ने इसे एक निर्दोष जानवर के खिलाफ सरकारी हस्तक्षेप बताया और इसके विरोध में अभियान शुरू कर दिया।

### एलन मस्क का सोशल मीडिया पर विवादित बयान

दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि सरकार ने एक बेसहारा गिलहरी को अपहृत कर उसे मौत दे दी। मस्क ने कहा कि सरकार को लोगों और उनके जानवरों को अकेला छोड़ देना चाहिए। उन्होंने गिलहरी पीनट की एक तस्वीर भी साझा की और कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प सत्ता में आए तो गिलहरियों की रक्षा करेंगे। मस्क का यह बयान तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दीं।




### ट्रम्प समर्थकों ने किया अभियान का समर्थन

ट्रम्प समर्थकों ने मस्क के बयान का समर्थन किया और गिलहरी की मौत को एक चुनावी मुद्दा बना दिया। कई ट्रम्प समर्थकों ने सोशल मीडिया पर गिलहरी 'पीनट' की मौत को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। फिल्म निर्माता रॉबी स्टारबक ने भी एआई जेनरेटेड एक तस्वीर साझा की जिसमें ट्रंप गिलहरी के साथ दिख रहे थे। उन्होंने लिखा कि यह गिलहरी का मुद्दा सिर्फ एक प्यारे जानवर की नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की है।

### चुनाव में गिलहरी का मुद्दा कैसे बना चर्चा का केंद्र

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नजदीक होने के कारण पीनट की मौत ने एक नया मोड़ ले लिया है। इस मुद्दे पर ट्रंप समर्थकों ने इसे सरकार के अधिक हस्तक्षेप और स्वतंत्रता के हनन का प्रतीक बना दिया है। ट्रंप समर्थकों का मानना है कि यह सरकार की तानाशाही को दर्शाता है और अगर ट्रंप सत्ता में आते हैं, तो वे इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाएंगे।

### पीनट की मौत पर सरकारी बयान

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल कंजरवेशन ने बताया कि पीनट को एक रेबीज संक्रमित जानवर होने के कारण मारा गया। अधिकारियों का कहना है कि पीनट को पकड़ने का कारण जन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना था। पीनट के मालिक का कहना है कि यह कार्रवाई अनावश्यक थी, और यह एक निर्दोष जानवर को मारने जैसा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर गुस्से का इज़हार किया और अपने समर्थन में अभियान चलाया।

# लड्डू-पेड़े नहीं, इस मंदिर में लगता है बाटी-चोखा का भोग

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

■ अयोध्या के हनुमान मंदिर के अनोखे प्रसाद की अनोखी कहानी

अयोध्या में मठ और मंदिरों की कोई कमी नहीं है। हर मंदिर की अलग परंपरा, कहानी और प्रसाद है। प्रसाद की बात करें तो आमतौर पर ज्यादातर मंदिरों में लड्डू और पेड़े का प्रसाद दिया जाता है। लेकिन अयोध्या का ही एक मंदिर ऐसा है, जहां बाटी चोखा का प्रसाद दिया जाता है। सरयू तट पर स्थित राजघाट पर एक हनुमान जी का सालों पुराना मंदिर है। इस मंदिर में हर दिन बजरंग बली को बाटी और चोखा का भोग लगाया जाता है।



### कहां स्थित है यह मंदिर

सरयू तट पर स्थित राजघाट में बजरंग बली का यह मंदिर है। हर दिन यहां बजरंगबली को बाटी चोखे का भोग लगाया जाता है और श्रद्धालुओं को भी यही प्रसाद दिया जाता है।

### हर मंगलवार होता है विशेष आयोजन

हर मंगलवार इस मंदिर में मंगलवार को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजन होता है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाटी चोखा का प्रसाद खाने के लिए एकत्रित होते हैं। शुद्ध सात्विक बाटी को लहसुन और प्याज के बिना बनाया जाता है। मंदिर में मौजूद लोगों का कहना है कि महावीर के भोग लगने के बाद प्रसाद दिव्य हो जाता है। बाटी बाबा बताते हैं, 'पहले हम बालू के घाटों पर रहते थे। जो भी भक्त आते थे हम उनको बाटी और चोखा खिलाते थे। समय बीतता गया और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। प्रत्यक्ष उदाहरण आप के सामने है। इसमें बजरंग बली बाबा का पूर्ण आशीर्वाद है। महावीर जी को भाटी चोखे का भोग लगता है और सभी भक्त लोग प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते हैं।'




### चीनी ने माना बौद्ध ग्रंथों में रामायण का है प्रभाव

**बीजिंग।** चीन के विद्वानों का कहना है कि यहां सदियों से बौद्ध धर्मग्रंथों में रामायण की कहानियों के निशान मौजूद हैं। संभवतः पहली बार इस बात का खुलासा हुआ है कि देश के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में हिंदू धर्म का प्रभाव भी रहा है। बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा "रामायण-ए टाइमलेस गाइड" विषय पर शनिवार को आयोजित एक संगोष्ठी में धार्मिक प्रभावों पर लंबे समय से शोध कर रहे कई चीनी विद्वानों ने उन ऐतिहासिक मार्गों का पता लगाने वाली स्पष्ट प्रस्तुतियां दीं, जिनके माध्यम से रामायण चीन तक पहुंची और चीनी कला एवं साहित्य पर इसका प्रभाव पड़ा।




# डबरी में डूबकर मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई आठ, चालक ने अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजपुर

शनिवार की रात ग्राम लडुवा में हुई घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे में बचाए गए चालक ने भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया जबकि स्कॉर्पियो वाहन में सवार एक युवक का शव देर रात गोताखोरों ने डबरी से बाहर निकाला। एक साथ आठ मौतों से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलने के बाद सांसद चिंतामणि महाराज व विधायक उद्देश्वरी पैकरा भी अस्पताल पहुंचे थे और उन्होंने मृतकों के परिजन को ढांढस बंधाते हुए घटना की जांच के निर्देश दिए है। अब तक कि जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक सूरजपुर में पदस्थ मृतिका शिक्षक के उसके परिवार को छोड़ने के लिए पड़ोसी सूरजपुर जा रहे थे।

■ देर रात गोताखोरों ने निकाला एक किशोर का शव

बता दें कि शनिवार की रात लगभग 8 बजे एनएच 130 पर स्थित बूढा बगीचा लडुवा के समीप स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 6255 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित डबरी में गिर गई थी। इस दौरान वाहन का दरवाजा व कांच लॉक होने के कारण वाहन सवार 6 लोगों की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि चालक को पुलिस टीम ने जिंदा बाहर निकाल लिया था।



### दिवाली मनाने गई थी शिक्षिका

बताया जा रहा है कि मृतिका श्रीमती चंद्रवती मुंडा सूरजपुर के बड़कापारा बालक प्राथमिक शाला में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। शिक्षिका अपने पति संजय व पुत्री कीर्ति के साथ दिवाली मनाने के लिए छुट्टी में गृहग्राम लरिमा गई हुई थी। महिला ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए वापस सूरजपुर लौट रही थी। इस दौरान उन्होंने किराए पर वाहन लिया था। स्कॉर्पियो में जगह खाली होने पर महिला व उसके परिवार को छोड़ने व घूमकर आने के बहाने से गांव के अन्य युवक भी सवार हो गए।

### सांसद ने दिए जांच व डबरी पाटने के निर्देश

रविवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद चिंतामणि महाराज सीएचसी, विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा राजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजन को ढांढस बंधाया। सांसद श्री चिंतामणि ने घटना को लेकर दुख जाहिर करते हुए कहा कि सड़क किनारे डबरी को गलत तरीके से खोदा गया था। खेत में खोदे गए डबरी की जानकारी राजपुर के लोगों को भी नहीं थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com